नव प्रदेश

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, रविवार 21 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-276 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

छग देश का सबसे स्वच्छ राज्य, राष्ट्रपति के हाथों सीएम ने लिया पुरस्कार

सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज 2021 में भी छग को मिला बेस्ट स्टेट का अवार्ड

■ प्रदेश के 61 शहरों को भी मिला पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छग को स्वच्छ अमृत महोत्सव कार्यक्रम में सबसे स्वच्छ राज्य श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। सीएम भूपेश बघेल ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों अवार्ड लिया। इस सम्मान समारोह में प्रदेश के सर्वाधिक 67 नगरीय निकायों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिये गए हैं। कार्यक्रम में आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, राज्य मंत्री कौशल किशोर भी शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने लगातार तीसरे साल स्वच्छतम् राज्य का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है तो इसका श्रेय छत्तीसगढ़ के पौने तीन करोड़ लोगों को जाता है। मैं विशेष रूप से राज्य की महिलाओं को इसका श्रेय देना चाहूंगा, जिन्होंने शहरों से लेकर गांवों तक स्वच्छता की एक नयी संस्कृति का निर्माण किया है।

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्यमंत्रालय द्वारा हर साल देश के समस्त शहरों एवं राज्यों के मध्य स्वच्छ सर्वेक्षण का आयोजन किया जाता है। इसमें विभिन्न मापदंडों के अंतर्गत शहरी स्वच्छता का आंकलन किया जाता है। मुख्य रूप से घर-घर से कचरा एकत्रीकरण, कचरे का वैज्ञानिक रीति से निपटान, खुले में शौच मुक्त शहर, कचरा मुक्त शहर आदि का थर्ड पार्टी के माध्यम से आंकलन करते हुए नागरिकों के फीडबैक को भी इसमें शामिल किया जाता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नगर निगमों को मिला पुरस्कार ▸ स्वच्छ सर्वेक्षण, गार्बेज फ्री सिटी के लिए रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, अम्बिकापुर महापौर अजय तिर्की, भिलाई चरोदा के महापौर चंद्रकांत मांडले, बिलासपुर महापौर रामशरन यादव, चिरमिरी की महापौर कंचन जयसवाल, रायगढ़ महापौर जानकी अमृत काटजू, कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद, राजनांदगांव महापौर हेमा देशमुख, दुर्ग महापौर धीरज बकलीवाल के साथ ही नगर निगम के आयुक्त, नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नोडल अधिकारियों ने पुरस्कार ग्रहण किया।

इस तरह स्वच्छता में छग ने मारी बाजी

स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रपति द्वारा दिए जाने वाले 239 पुरस्कारों में से 67 पुरस्कार छत्तीसगढ़ से संबंधित हैं। इस सफलता के पीछे 10 हजार से अधिक स्वच्छता दीदीयां हैं। गांवों के 7 हजार 500 से अधिक गौठानों में लगभग 5 हजार स्व सहायता समूहों की 70 हजार महिलाएं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण को बेहतर बनाने में जुटी हुई हैं। नरवा-गरवा-घुरवा-बारी कार्यक्रम से स्वच्छता अभियान को जोड़ा। सिंगल यूज प्लास्टिक बैन पर जोर दिया। लोगों को जागरुक करने डोर-टू-डोर जाकर लोगों को गीला-सूखा कचरा अलग रखने के लिए प्रशिक्षण दिया। नागरिकों की स्वच्छता संबंधी शिकायतों को 24 घंटे के अंदर निपटान के लिए टोल फ्री नम्बर 1100 की व्यवस्था की गई। गूगल से सभी सार्वजानिक एवं सामुदायिक शौचालयों को जोड़ा गया ताकि लोग अपने आस-पास के शौचालय को फोन पर ही सर्च कर सकें। गोधन न्याय योजना से सफाई और आमदनी दोनों बढ़ी।

छग के सर्वाधिक निकाय पुरस्कृत

छग ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपना परचम लहराते हुए देश के स्वच्छतम राज्य के अपने दर्जे को बरकरार रखते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। छग को न सिर्फ राज्य के रूप में, बल्कि यहां के 67 शहरी निकायों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। छग ऐसा राज्य है जिसके सबसे ज्यादा निकाय पुरस्कृत किए गए। स्वच्छता के मामले में छग वर्ष 2019 एवं 2020 में भी अग्रणी राज्य रहा है।

आज बेबाक

इसे ही कहते है कि बिन मांगे मोती मिले मांगे मिले न भीख। केन्द्र सरकार ने कृषि काननों को अचानक वापस लेकर आंदोलनजीवियों के नेताओं को खड़े पैर बेरोजगार दिया। राकेश टिकैत का लटका हुआ चेहरा साफ बता रहा है कि उसके दिल के अरमां आसूओं में बह गए। किसानों के कंधों पर बंदूक रखकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे विपक्षी दलों के हाथों से भी तोते उड़ गए। उन्हे खुदा मिला न विशाले सनम। अब इन सब में इसका क्रेडिट लेने की होड़ लगी है। बेचारे सोच रहे है कि भागते भूत की लंगोटी ही हाथ लग जाएं।

नक्सलियों ने ब्लास्ट कर रेल पटरी को उड़ाया

■ धनबाद के लातेहार में नक्सलियों ने वारदात को दी अंजाम

नक्सलियों के खिलाफ चलाया सर्च ऑपरेशन

धनबाद रेल मंडल के टोरी व लातेहार रेलखंड के रिचुघुटा डेमू स्टेशन के बीच किलोमीटर पोल संख्या 206/ 25-27 के बीच अप एंड डाउन लाइन पर माओवादियों ने बम ब्लास्ट कर रेल पटरी को उड़ाया। घटना के बाद डीजल लाइट इंजन संख्या 70584 की एक ट्रॉली डिरेल हो गई है। धनबाद रेल मंडल ने बरकाकाना एवं बरवाडीह से दुर्घटना राहत यान मंगाई गई। घटना के बाद से ही आरपीएफ,जीआरपी के साथ स्थानीय पुलिस हाई अलर्ट पर है। इधर देश के विरुद्ध आतंकी गतिविधि में शामिल नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन व कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

रांची। भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के नेता प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शीला मरांडी की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुवा और लोटापहाड़ रेलवे स्टेशन के बीच रेल पटरियों को बम ब्लास्ट कर उड़ा दिया। इससे हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग पर परिचालन ठप हो गया। कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर रोकी गईं। इससे पहले शुक्रवार को देर रात एक बजे टोरी-लातेहार के रेलखंड पटरी उड़ा दी। दरअसल एक करोड़ के इनामी प्रशांत बोस की गिरफ्तारी के बाद नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

अन्य राज्यों को रखा गया है हाई अलर्ट पर : नक्सलियों की इस घटना के बाद से अन्य राज्य झारखंड, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यपाल आज गरियाबंद आयेंगी

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज रविवार को गरियाबंद आयेंगी। राज्यपाल सुश्री उईके पूर्वान्ह 11.15 बजे राजभवन रायपुर से कार द्वारा गरियाबंद के लिए प्रस्थान करेगीं। वे अपरान्ह 1.15 बजे सर्किट हाउस गरियाबंद पहुंचेंगी। राज्यपाल सुश्री उईके अपरान्ह 2 बजे जिला मुख्यालय स्थित गांधी मैदान पहुंचकर वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। कार्यक्रम पश्चात वे अपरान्ह 3.30 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगी एवं शाम 4 बजे वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

शीतकालीन सत्र के दौरान संसद तक प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च अभी नहीं हुआ रद्द

■ आज किसान संगठनों ने बुलाई बैठक, सिंघू बार्डर पर होगी बैठक

नई दिल्ली। किसान नेता और एसकेएम की कोर कमेटी के सदस्य दर्शन पाल ने शनिवार को कहा कि संसद तक ट्रैक्टर मार्च का हमारा आव्हान अभी तक कायम है. आंदोलन की भावी रूपरेखा और एमएसपी के मुद्दों पर अंतिम फैसला रविवार को सिंघू बॉर्डर पर एसकेएम की बैठक में लिया जाएगा. एसकेएम ने कुछ दिन पहले घोषणा की थी कि केंद्र के तीन कृषि कानूनों के विरोध में चल रहे प्रदर्शनों के एक साल पूरा होने के मौके पर 29 नवंबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र के दौरान रोजाना संसद तक 500 किसान शांतिपूर्ण ट्रैक्टर मार्च में भाग लेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि केंद्र सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस लेगी और इस तरह सरकार ने किसानों की मांग को मान लिया. एसकेएम ने प्रधानमंत्री के फैसले का स्वागत किया, लेकिन कहा कि वो इस घोषणा के संसदीय प्रक्रियाओं के माध्यम से प्रभाव में आने तक की प्रतीक्षा करेंगे. साथ ही ये संकेत भी दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और विद्युत संशोधन विधेयक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'केंद्र को एमएसपी की गारंटी देनी चाहिए'

26 जनवरी को राजधानी में प्रदर्शनकारियों की ट्रैक्टर रैली ने हिंसक रूप ले लिया था, जो लाल किले में घुस गए थे और वहां धार्मिक ध्वज फहराया गया. उगराहां ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार संसद में इन कानूनों को औपचारिक रूप से निरस्त नहीं कर देती तब तक किसान टिकरी और दिल्ली की अन्य सीमाओं पर बैठे रहेंगे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की शुक्रवार की घोषणा के बाद अनेक किसान संघ खेती के मुद्दों पर तथा भावी रणनीति पर विचार करने के लिए अलग-अलग बैठक कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इन किसान संघों के प्रतिनिधि रविवार को एसकेएम की बैठक में भाग लेंगे. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देनी चाहिए.

सूर्योदय

उदय :	6 :39 प्रात:
अस्त :	5 :21 संध्या

जनसंख्या

विश्व :	7,907,972,700
भारत:	1,399,136,560

बाजार

सेंसेक्स :	59,636.01
निफ्टी :	17,764.80
गोल्ड :	47,700 प्रति 10 ग्राम
चांदी :	70,400 प्रति किग्रा
अण्डा दर :	4.81 प्रति नग

दिवस

विश्व टेलीविजन दिवस: टेलीविज़न के दैनिक मूल्य को उजागर करने के लिए विश्व टेलीविजन दिवस 21 नवंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है, जो संचार और वैश्वीकरण में अहम भूमिका निभाता है। इस दिन, पत्रकार, लेखक, ब्लॉगर और अन्य जो माध्यम से जुड़े हैं, संचार और वैश्वीकरण में टेलीविजन की भूमिका को बढ़ावा प्रोत्साहित करते हैं।

सिद्धू ने इमरान को बताया 'बड़ा भाई' बीजेपी ने राहुल पर बोला हमला

नई दिल्ली। करतारपुर साहिब में मत्था टेकने के लिए पाकिस्तान पहुंचे पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन के मौके पर पाक सेना चीफ बाजवा को गले लगाकर विपक्ष के निशाने पर आए सिद्धू ने अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को अपना बड़ा भाई बताया है। इसका वीडियो सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने सिद्धू को घेर लिया है।

करतारपुर में शनिवार को दर्शन के लिए पहुंचे सिद्धू का यहां पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने स्वागत किया। फूल बरसाए गए और माला पहनाई गई। करतारपुर के सीईओ ने सिद्धू का स्वागत करते हुए कहा, 'इमरान खान की ओर से आपका स्वागत करता हूं।'' इस पर सिद्धू ने कहा, ''इमरान खान मेरा बड़ा भाई है। उसने मुझे बहुत प्यार दिया है।''

गौरतलब है कि नवजोत सिंह सिद्धू और पाकिस्तान के पीएम इमरान खान राजनीति में आने से पहले क्रिकेटर रहे हैं और अपने देश के लिए खेल चुके हैं। ऐसे में दोनों में दोस्ताना संबंध होना लाजिमी है, लेकिन इमरान इन दिनों भारत में आतंकवाद को बढ़ाने में व्यस्त हैं। ऐसे में उन्हें 'बड़ा भाई' बताना राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पंजाब में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। बीजेपी से गठबंधन करने जा रहे पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर पहले ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

17 आईपीएस को मिला प्रमोशन, 4 बनाए गए डीआईजी, 5 का ग्रेड बढ़ाया

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात तीन को मिला प्रोफार्मा पदोन्नति

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार के गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ पुलिस के 17 आईपीएस अफसरों का प्रमोशन किया है। गृह विभाग द्वारा जारी आईपीएस अधिकारियों की प्रमोशन लिस्ट में 2003 बैच के आईपीएस अधिकारियों को डीआईजी से आईजी और 2007 और 2008 बैच के आईपीएस अफसरों को एसपी से एसएसपी पदोन्नत किया गया है। वहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रदेश के बाहर तैनात तीन अफसरों को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। पदोन्नति 13-14 साल की सेवा पूरी होने के बाद की गई है। गृह विभाग की ओर से शनिवार को जारी आदेश में 2003 बैच के पांच आईपीएल

अधिकारियों को पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बनाया गया है। इनमें बस्तर रेंज के प्रभारी आईजी सुंदरराज पी, बिलासपुर के प्रभारी आईजी रतनलाल डांगी, दुर्ग के प्रभारी आईजी ओपी पॉल, पुलिस मुख्यालय में डीआईजी एससी द्विवेदी और डीआईजी आरपी साय शामिल हैं। प्रभारी आईजी की जिम्मेदारी संभाल रहे तीनों अफसर अब वहां आईजी के रूप में पदस्थ रहेंगे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात 2007 बैच के आईपीएस अभिषेक शांडिल्य और रामगोपाल गर्ग को प्रोफार्मा प्रमोशन देकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चार अफसर अब डीआईजी बनाए गए

गृह विभाग ने 2007 बैच के चार अफसरों को पदोन्नति देकर डीआईजी बना दिया है। इसमें बस्तर एसपी जीतेंद्र सिंह मीणा, बिलासपुर एसपी दीपक झा, सीएएफ की 19वीं बटालियन जगदलपुर के सेनानी डीके गर्ग और कांकेर के प्रभारी डीआईजी बालाजी राव सोमावार का नाम शामिल हैं।

पंच की हत्या कर हत्यारे की ललकार, 4 को और मारूंगा

■ छग के जांजगीर जिले के शिवरीनारायण का मामला

जांजगीर। छग के जांजगीर में दो युवकों ने जमीन विवाद के चलते बीच गांव में पंच की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए। वहां से हाथ में हथियार लिए युवक ने कहा कि उसी ने मर्डर किया है, क्योंकि उसकी जमीन को जबरदस्ती बिकवाने की कोशिश की गई। अभी इसमें शामिल 4 और लोगों को भी मारूंगा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, तुस्मा गांव निवासी सहित कुमार केंवट और सुनील केंवट ने जमीन को लेकर पंच भागवत साहू से विवाद था। आरोप है कि दोनों युवकों ने शनिवार को बीच गांव में धारदार हथियार से भागवत की हत्या कर दी। इसके बाद गांव में बनी पानी की टंकी पर हथियार लेकर चढ़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन वे उतरने को तैयार नहीं थे। दोनों मीडिया को बुलाने की जिद कर रहे थे। इस दौरान हाथ में धारदार हथियार लिए एक युवक ने टंकी के ऊपर चढ़कर अपना वीडियो भी बनवाया। इसके बाद मीडिया को ऊपर बुलाया और बात की। कहा कि उनकी जमीन के रुपयों को लेकर दो साल से परेशान कर रहा था। हमारी जमीन पर इमारत भी बन गई, लेकिन हमारा घर नहीं बना। हम साफ दिल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नरेंद्र गिरी मौत : सीबीआई ने 3 के खिलाफ चार्जशीट दायर

नई दिल्ली। सीबीआई ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष आचार्य नरेंद्र गिरी की मौत के मामले में उनके शिष्य आनंद गिरी और 2 अन्य के खिलाफचार्जशीट दायर की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इलाहाबाद हाई कोर्ट में दायर चार्जशीट में सीबीआई ने इलाहाबाद बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी अध्या तिवारी और उनके बेटे संदीप तिवारी पर आपराधिक साजिश और साजिश के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

विरोध-प्रदर्शन ▸ राजधानी समेत सभी जिलों में बीजेपी ने किया प्रदर्शन, कांग्रेसियों ने किया हवन, कहा – कृषि कानून वापस लेने के बाद भी सद्बुद्धि नहीं आई

पेट्रोल-डीजल का वैट घटाने में लेट, सड़कों पर लेटे भाजपाई

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने पेट्रोल-डीजल पर वैट कम करने की मांग को लेकर शनिवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन किया गया। राजधानी रायपुर में प्रदेश भाजपाध्यक्ष विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। शनिवार की दोपहर राजधानी रायपुर की सड़कों पर भारतीय जनता पार्टी ने चक्का जाम कर दिया। पार्टी कार्यालय से एक रैली निकालते हुए प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, विधायक बृजमोहन अग्रवाल और पार्टी के दर्जनों नेता घड़ी चौक की ओर बढ़े। चौराहे पर आते ही सड़क पर बैठकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेताओं ने धरना दे दिया। सड़कों को चारों तरफ से जाम कर दिया गया और पेट्रोल में वैट कम किए जाने की मांग करने लगे। काफी देर तक पुलिस के अफसर सड़क से भाजपा नेताओं को हटाने की बात कहते रहे मगर किसी नेता ने एक नहीं सुनी। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष साय के साथ पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व सांसद सुनील समेत भाजपाई न सिर्फ सड़क पर बैठ गए, बल्कि कुछ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हनुमान मंदिर में कांग्रेयियों ने किया हवन ▸ भाजपाईयों ने चक्काजाम किया तो कांग्रेस नेताओं ने हनुमान मंदिर में हवन कर भाजपा की सद्बुद्धि की प्रार्थना की। कांग्रेस नेताओं का कहना था, किसानों को थोपे गये बेहुदे कृषि कानूनों को वापस लेने की नौबत आ जाने के बाद भी भाजपा के लोगों को सद्बुद्धि नहीं आई। विधायक विकास उपाध्याय की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ता दोपहर में एनआईटी के पास स्थित हनुमान मंदिर में इकट्ठा हुए। वहां बकायदा 21 पंडितों को बुलाकर हवन कराया गया।

नांदगांव, बिलासपुर, कवर्धा समेत कई जिलों में किया प्रदर्शन

जांजगीर : बीजेपी कार्यकर्ताओं यहां बीटीआई चौक पर एनएच- 49 बंद रखा। यहां बीजेपी नेताओं ने कहा है कि अगर राज्य उस पर वैट कम कर दे तो दाम अपने आप कम हो जाएंगे। प्रदेश महामंत्री और चंपा विधायक नारायण चंदेल ने कहा प्रदेश की जनता रियासत और सियासत के खेल में फंस गई है।

कवर्धा : कवर्धा में जबलपुर रूट बंद कर दिया गया। भाजपा नेताओं ने पेट्रोल-डीजल के बढ़े दामों के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार बताया। पूरे कवर्धा में भाजपा कार्यकर्ता तीन जगह रास्ता रोक कर प्रदर्शन किया। दो जगह शहर में जाम लगाया गया और एक रास्ता ग्रामीण इलाके में भी बंद रखा।

बिलासपुर : बिलासपुर में नेहरू चौक पर रास्ता ब्लॉक किया गया। मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान सांसद सहित भाजपा के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साजिश साबित करने के लिए सबूत नहीं

आर्यन खान के बेल ऑर्डर में बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान क्रूज ड्रग्स केस में 26 दिन हिरासत में रहे थे और लंबे इंतजार के बाद उन्हें 28 अक्टूबर को जमानत मिली थी। इस बीच शनिवार को आर्यन को बॉम्बे हाईकोर्ट से मिली बेल का ऑर्डर सार्वजनिक कर दिया गया। अदालत ने कहा कि आर्यन खान के मोबाइल फोन से लिए गए व्हाट्सऐप चैट से पता चलता है कि ऐसा कुछ आपत्तिजनक नहीं पाया गया, जो दिखाता हो कि उसने, मर्चेंट और धमेचा और मामले के अन्य आरोपियों ने अपराध करने की साजिश रची हो।

■ न्यूज गैलरी

आई एंड ए जोन के अधिकारी एवं कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आई एंड ए जोन विभाग में दिनांक 18 नवम्बर को शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में आई एंड ए जोन विभाग के उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस समारोह में गौकरण लाल मारकण्डे, प्रबंधक, इंस्ट्रूमेंटेशन (डब्ल्यू) को पाली शिरोमणि पुरस्कार एवं दिलीप कोल्हे, वरिष्ठ तकनीशियन, इंस्ट्रूमेंटेशन (ऑपरेशन), वर प्रसाद गुम्मिदी, ओसीटी, इन्कॉस एवं शिवजी राम, चार्जमेन, इंस्ट्रूमेंटेशन (ऑपरेशन) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर समारोह के दौरान पुरस्कारों के संचालन और वितरण में सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक मुख्य महाप्रबंधक (आई एंड ए), संत केशकर, महाप्रबंधक (इनकॉस), एसके बोस एवं महाप्रबंधक (इंस्ट्रूमेंटेशन) एमवी बाबू ने आई एंड ए जोन विभाग के पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और कर्मचारी के जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया तथा पुरस्कार विजेताओं के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा। इस कार्यक्रम का संचालन गिरीश मढ़रिया, सहायक प्रबंधक, कार्मिक कार्यालय शक्ति एवं विद्युत द्वारा किया गया।

आज शहर के 8 केंद्रों में होगा वैक्सीनेशन

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देशानुसार रविवारके लिए शहर के 8 केंद्रों को तैयार किया गया है। 18 प्लस एवं 45 प्लस के व्यक्तियों को पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। जिसके लिए कोविशील्ड के 1800 डोज और को वैक्सीन 950 डोज उपलब्ध किये गए हैः

महावीर कोविड़ सेंटर- कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100, जिला अस्पताल दुर्ग-कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100, धमधानाका - कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100,क्वाष्ट बघेरा - कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100,क्वाष्ट पोटियाकला - कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100,पटेल भवन गया नगर - कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100,सिंधी धर्मशाला - कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100,राजीव नगर गौरा चौक - कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100 डोज इन केंद्रों में वैक्सीन लगाया जाएगा।

बेलतरा में हर घर दस्तक के तहत किया जा रहा वेक्सिनेशन

साजा । हर घर दस्तक अभियान के अन्तर्गत ब्लाक के ग्राम बेलतरा में ग्राम पंचायत व स्वास्थ्य विभाग की दस्तक टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर के छुटे व कोविड टीका नहीं लगवाने वाले लोगों को घर, खेत, दुकान आदि में ढूंढ ढूढ़ कर टीका लगाने का कार्य किया जा रहा हैं। ग्राम के सचिव विजय कुमार क्षत्रिय ने शासन के निर्देशों का पालन करते हुए पूरे ग्राम पंचायत को पूर्ण रूप से वेक्सिनेशट किया जा रहा हैं। इस कार्य में सरपंच प्रतिनिधि उमेंद्र साहू, रोजगार सहायक अकिलेश साहू, रोहित दास, नकुल मेहर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता खुशबु साहू, एनजीओ वर्षा साहू, योगेश्वरी साहू आदि के साथ ग्राम भ्रमण कर लोगों को वेक्सिनेशन लगाया जा रहा हैं।

कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई लिखाई के बारे में ली जानकारी

बेमेतरा । कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज शासकीय प्राथमिक शाला निनवा का आकस्मिक निरीक्षण कर बच्चों की पढ़ाई लिखाई के बारे में पूछताछ की और स्कूली बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन कर भोजन की गुणवत्ता की परख किये।

निधन : टेमन सिंह बेलचंदन

भिलाई (नव प्रदेश)। पूर्व बीएसपी कर्मी वैशाली नगर निवासी टेमन सिंह बेलचंदन (75 वर्ष) का 20 नवंबर 2021 को दोपहर बाद बीएसपी मेन हॉस्पीटल सेक्टर-9 में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे नरेन्द्र, धर्मेन्द्र बेलचंदन एवं कुसुम हरदेल के पिता तथा पेंटर नूतन सिंह, भीषम सिंह और शिव कुमार बेलचंदन के अग्रज थे। उनका अंतिम संस्कार मूल ग्राम तिरगा में 21 नवंबर को सुबह 11 बजे किया जायेगा।

भिलाई शहर को मिला स्वच्छता के महा मुकाबले में सबसे बड़ा सम्मान

निगम एवं भिलाई वासियों की मेहनत रंग लाई, थ्री स्टार से नवाजा गया

■ निगम आयुक्त, तत्कालीन आयुक्त एवं अपर आयुक्त ने दिल्ली में लिया सम्मान

■ वर्ष 2019 से लेकर तीसरी बार थ्री स्टार का अवार्ड लेकर भिलाई शहर हुआ गौरवान्वित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। स्वच्छ सर्वेक्षण में भिलाई शहर को थ्री स्टार का खिताब प्राप्त हुआ है, वहीं अगर छत्तीसगढ़ की बात करें तो भिलाई शहर को पांचवा रैंक हासिल हुआ है, पूरे भारत में एक से 10 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में भिलाई 29 वे नंबर पर है। थ्री स्टार का यह अवार्ड राष्ट्रपति के अध्यक्षता में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 स्टार रेटिंग एवं सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज अवार्ड कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री श्री शिव डहरिया की उपस्थिति में विज्ञान भवन नई दिल्ली में प्रदान किया गया है। भिलाई निगम की ओर से सम्मान प्राप्त करने तत्कालीन आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी एवं रिसाली निगम की ओर से सम्मान प्राप्त करने रिसाली निगम के तत्कालीन आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे दिल्ली पहुंचे थे, वही अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं नोडल अधिकारी रमाकांत साहू भी दिल्ली में पुरस्कार के लिए नामांकित होने पर पहुंचे थे, भिलाई और रिसाली निगम को थ्री स्टार से सम्मानित किया गया है। स्वच्छता के मापदंडों पर खरा उतरने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के तत्कालीन महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे के कुशल मार्गदर्शन में स्वच्छता के निचले स्तर के कर्मचारियों से लेकर सभी अधिकारियों ने कड़ी मेहनत की और शहर के जागरूक नागरिक तथा बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों ने अवार्ड दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सर्व जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित उनकी टीम ने सफाई व्यवस्था का पूरा जिम्मा संभाला हुआ है। निगम ने स्वच्छता के विभिन्न मापदंडों पर विशेष रुप से ध्यान देते हुए कार्य किया है जिसकी बदौलत आज स्वच्छता के सबसे बड़े मुकाबले में भिलाई ने गौरव हासिल किया है।

कचरा मुक्त शहरों की सूची में शामिल हो चुका है स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में कचरा मुक्त शहरों में भिलाई नगर को सम्मिलित किया जा चुका है तथा भिलाई 3 स्टार रेटिंग प्राप्त कर चुकी है। भिलाई शहर की जनता स्वच्छता के प्रति जागरूक है तभी भिलाई कचरा मुक्त शहर में शामिल हो सका है।

महाविद्यालय में विज्ञान एवं कॉमर्स क्लब का उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। कृष्णा इंस्टीट्यूट आफ सांइस एन्ड कामर्स खम्हरिया में विज्ञान एवं वाणिज्य क्लब का उद्घाटन संस्था के चेयरमेन की श्री आनंद कुमार त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा रंगोली व पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। कार्यक्रम में संस्था के चेयरमेन श्री आनंद कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस महाविद्यालय में साइंस व वाणिज्य क्लब का गठन विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभाओं को विकसित करने एवं सही दिषा में अग्रसर करने के लिए किया गया है। इस क्लब की अध्यक्षता कुमारी येष्वर्या एवं उपाध्यक्ष कुबेर साहू एवं विकास कुमार ने अपने सभी साथीयों को प्रोत्साहित कर कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना योगदान दिया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वाय.आर. कटरे ने प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के उत्कृष्ठ प्रदर्षन को देखते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रषंसा की एवं भविष्य में भी इसी तरह विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय एवं ऊर्जावान भागीदारी देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विजय मैराल ने कार्यक्रम की सराहना की। पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता में कु. तामेष्वरी को प्रथम स्थान तथा कु. हीना को द्वितीय स्थान एवं विकास को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुबेर साहू (बी.एस.सी गणित) तथा द्वितीय स्थान कु. हीना (बी.कॉम) एवं सुमीत (बी.एस.सी बायो) तथा येष्वर्या (बी.कॉम) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

पनेका स्कूल के विद्यार्थियों ने किया बसंतपुर थाना का भ्रमण

राजनांदगांव। पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण के निर्देशन में 14 से 20 नवंबर 2021 तक बाल सुरक्षा सप्ताह ना डरबो ना सहबो, राजनांदगांव पुलिस तुंहर दुआर मां के तहत् अति. पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती सुरेशा चौबे के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती नेहा वर्मा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक समारू राम व आरक्षक क्रांति साहू द्वारा 18 नवंबर दिन बुधवार को शासकीय हाई स्कूल पनेका राजनांदगांव के छात्र-छात्राओं को थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव में भ्रमण कराया गया। जिसमें थाना बसंतपुर के उप निरीक्षक पियुषकांत चंद्राकर, महिला प्रधान आरक्षक सविता वर्मा एवं थाना स्टॉफ द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को गुड टच-बेड टच, यातायात नियमों, डायल-112 के संबंध में जानकारी दी गई। सोशल मिडिया के दुष्प्रभाव, आत्म सुरक्षा के संबंध में, साईबर अपराध के संबंध में, बच्चों के अधिकार, संरक्षण, समानता एवं शिक्षा के संबंध में बच्चों को पढाई के साथ-साथ खेल स्पर्धाओं में सफलता के महत्ता की भी जानकारी बच्चों को दी गई।

इसी प्रकार थाना प्रभारी डोंगरगढ व थाना स्टॉफ द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल डोंगरगढ़ एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगढ़, थाना प्रभारी साल्हेवारा व थाना स्टॉफद्वारा शासकीय हाई स्कूल सहसपुर, थाना प्रभारी बोरतलाव व थाना स्टॉफ द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरनाराकला, थाना प्रभारी कोहका व थाना स्टॉफद्वारा शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला व उच्चतर माध्यमिक शाला, पुलिस चौकी प्रभारी मोहारा व चौकी स्टॉफ द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोहारा, थाना प्रभारी गैंदाटोला व थाना स्टॉफ द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंजालकला, थाना प्रभारी औंधी व थाना स्टाफ द्वारा शासकीय बालिक छात्रावास में बाल सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर गुड टच-बेड टच, साईबर अपराध, बच्चों के अधिकार, यातायात नियमों एवं महिला एवं बाल अपराध एवं डायल-112 के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही साथ बाल संरक्षण अधिनियम के संबंध में पांपलेट व पत्रिका वितरण कर जागरूक किया गया।

बीएसपी ने मैनेजमेंट ट्रेनी टेक्नीकल के नए बैच का किया स्वागत

निदेशक प्रभारी ने युवा प्रबंधकों से की चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने 17 नवपदस्थ प्रबंध प्रशिक्षुओं (टेक्नीकल) के बैच के साथ-साथ पूर्व में जुलाई 2021 को पदस्थ हुए 38 प्रबंध प्रशिक्षुओं के साथ चर्चा की। 19 नवंबर को दोपहर में मैनेजमेंट ट्रेनिस हॉस्टल नं.-3 में इन नए प्रबंध प्रशिक्षुओं के बैच के साथ अनौपचारिक बातचीत हुई।

भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता सहित ईडी (माइन्स एवं रावघाट), मानस बिस्वास, ईडी (पी एंड ए) एसके दुबे और ईडी (वर्क्स) अंजनी कुमार ने नवनियुक्त प्रबंधकों के साथ सारगर्भित चर्चा की। महाप्रबंधक (एचआरडी) श्री सौरभ सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

17 नए प्रबंध प्रशिक्षुओं के बैच में 01 प्रबंध प्रशिक्षु चंद्रपुर फेरो अलॉय प्लांट (सीएफ्पी) के लिए निर्धारित किया गया है। 12 से 24 नवंबर तक एचआरडीसी में सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह बैच जुलाई को बीएसपी में ज्वाइन किये 38 नए एमटीटीस् बैच का एक्सटेंशन बैच है। बीएसपी बिरादरी में शामिल नए प्रबंध प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों ने उन्हें प्रोत्साहित और प्रेरित किया। चर्चा सत्र में मानव संसाधन विकास विभाग के अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया। दल्ली-राजहरा माइन्स में पदस्थ लोगों सहित नए प्रबंधकों ने अपना परिचय दिया। निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेशकों ने एमटीटी के साथ दोपहर का भोजन किया तथा नवपदस्थ प्रबंध प्रशिक्षुओं का हालचाल पूछा और भविष्य में भिलाई इस्पात संयंत्र की योजनाओं से अवगत कराया।

चातुर्मास के समापन अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले सदस्यों का किया गया सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में आज चातुर्मास समापन संपन्न हुआ चातुर्मास काल के दौरान विभिन्न तप आराधकों के सम्मान में बांधा तालाब परिसर में भक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया गया था जिसमें अंचल के ख्याति नाम कलाकार जीतू पारख ने भक्ति गीत ओ से शानदार समा बांधा कल देर रात तक लोगों ने भक्ति संगीत का आनंद लिया। जय आनंद मधुकर रतन भवन में चातुर्मास के दौरानउत्कृष्ट सेवा देने वाले सदस्यों का श्रमण संघ दुर्ग की ओर से अभिनंदन किया गया जिसमें भोजनशाला में पूरे 4 महीने निस्वार्थ भाव से अतिथि सत्कार करने वाले नेमीचंद चोपड़ा चंद्रशेखर पारख नीलम बाफना तथा साधु संतों के आहार सेवा के उत्कृष्ट संपादन के लिए नितिन संचेती एवं सौरभ रतन बोहरा को श्रमण संघ परिवार ने सम्मानित कियाइसी तरह इस चातुर्मास के दौरान भारत के विभिन्न क्षेत्रों से गुरु भक्तों का आवागमन बना रहता था अतिथि सत्कार की सेवा के लिए गेंद लाल को श्रमण संघ दुर्ग ने सम्मानित किया। अपने अध्यक्ष उद्बोधन में संघ के अध्यक्ष निर्मल बाफना ने कहा इस चातुर्मास में सरमन संग परिवार के सभी वर्ग के लोगों के सहयोग के कारण ही यह चातुर्मास एक अद्भुत चातुर्मास के रूप में जाना गया सामूहिक प्रयास से ही ऐसे बड़े आयोजन सफल होते हैं श्रमण संघ के मंत्री टीकम छाजेड़ ने कहा जब से मैंने मंत्री पद का कार्यकाल संभाला है समाज के वरिष्ठ, युवा समुदाय, महिला मंडल का भरपूर सहयोग मिला है उसी सहयोग के कारण इस चातुर्मास की खुशबू पूरे भारतवर्ष में फैली है यह चार माह जप तप त्याग तपस्या के के अनुष्ठान से परिपूर्ण था।

चातुर्मास के विभिन्न आयोजन में श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल, श्रमण संघ महिला मंडल, वर्धमान सेवा मंच श्रमण संघ बालिका मंडल, का सहयोग वंदनीय रहा सुरेश लूणिया रमेश बाधमार, जितेंद्र कोचर, विजय करनावट, प्रकाश पदम रतन बोहरा अमित बाधमार, आनिकेत संचेती, अतुल चौरड़िया पदम छाजेड़ अमित जैन सरिता श्री श्रीमान सपना संचेती रश्मि बेगानी मेघा छाजेड़ भारती श्रीश्रीमाल का विशेष सहयोग रहा

नगर पालिका भी पुरस्कृत, अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने ग्रहण किया पुरस्कार

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपना परचम लहराते हुए देश के स्वच्छ्तम राज्य के अपने दर्जे को बरकरार रखते हुए लगातार तीसरे वर्ष भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ को 239 विभिन्न पुरुस्कारों में न सिर्फ राज्य के रूप में, बल्कि यहां के 67 शहरी निकायों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य है जिसके सबसे ज्यादा निकाय पुरस्कृत किए गए।भाटापारा नगरपालिका को भी पुरुस्कृत किया गया।पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने दिल्ली में यह पुरस्कार ग्रहण किया। भाटापारा नगरपालिका को कचरा मुक्त शहर में जनसंख्या के आधार पर छत्तीसगढ़ में दूसरे नम्बर का शहर घोषित किया गया है। शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया की उपस्थिति में पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता को प्रदान किया। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सुनीता गुप्ता ने कहा कि भाटापारा ने लगातार स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसका श्रेय भाटापारा की जनता को जाता है, जिन्होंने शहर में स्वच्छता को लेकर एक नई संस्कृति का निर्माण कियाा है।

दुर्ग की लंबी छलांग छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर, रायगढ़ के बाद दुर्ग को मिला तीसरा रैंक

पूरे देश मे 83 से 17 वां रैंक, स्वच्छताा सर्वेक्षण में लहराया परचम

■ स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार गार्बेज फ्री सिटी के लिए महापौर और आयुक्त को 3 स्टार रेटिंग पुरस्कार ग्रहण किया

■ दुर्ग का यह अवार्ड स्वच्छता दीदी,सफाई व्यवस्था से जुड़े लोगों को समर्पित

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम विज्ञान भवन,नई दिल्ली में आयोजन स्वच्छ अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 स्टार रेटिंग, सफाई मित्र और सुरक्षा चैलेंज का अवार्ड दुर्ग निगम को स्वच्छ अमृत महोत्सव कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति बेहतर प्रदर्शन करने पर महापौर धीरज बाकलीवाल एव निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार गार्बेज फ्री सिटी के लिए पुरस्कार ग्रहण किया गया। अमृत महोत्सव कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, छग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राज्य मंत्री कौशल किशोर, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया भी शामिल रहे। दुर्ग नगर निगम की स्वच्छता में लम्बी छलांग देश मे पाया 17 वां स्थान प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ राज्य में मिला तीसरा स्थान दुर्ग को मिला। 3 स्टार रेटिंग इससे पहले दुर्ग निगम जीरो स्टार पर था, आज सफाई मित्र और स्वच्छता टीम की शहर को स्वच्छता के प्रति बेहतर प्रदर्शन से ये संभव हो पाया है।

इसमें मुख्य रूप से घर-घर से कचरा एकत्रीकरण, कचरे का वैज्ञानिक रीति से निपटान, खुले में शौच मुक्त शहर, कचरा मुक्त शहर आदि का थर्ड पार्टी के माध्यम से आंकलन करते हुए नागरिकों के फीडबैक को भी इसमें शामिल किया गया। दुर्ग निगम क्षेत्र के स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर से 80 टन से अधिक कचरा उत्पादित होता है। जिसमें 48 टन गीला एवं 32 टन सूखा कचरा एकत्रीकरण करते हुए वैज्ञानिक रीति से कचरे का निपटान किया जा रहा है। नई दिल्ली में पुरस्कार ग्रहण के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल, विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी, निगम आयुक्त हरेश मंडावी, स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान, दीपक साहू, पीएचयू शेखर वर्मा आदि समारोह में उपस्थित थे। विधायक अरुण वोरा और धीरज बाकलीवाल ने कहा कि सुरक्षा और गरिमा के साथ जीवन बिताने के लिए स्वच्छता जरूरी है,ये अवार्ड शहर की जनता को समर्पित जिन्होंने अपना योगदान दिया।

आम सूचना

सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मै अनिल कुमार मानिकपुरी उम्र 55 वर्ष पिता स्व. श्री अमरदास मानिकपुरी स्थाई निवासी- ग्राम छिवलाटोला पो. घुघरी थाना तहसील घुघरी जिला मण्डला मध्यप्रदेश वर्तमान पता- एच. आई.जी.1/437, न्यू बोरसी एक्सटेंशन बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं कि मेरे नाम पर एक भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम छिवलाटोला तह. घुघरी जिला मण्डला मध्यप्रदेश में पैतृक संपत्ति स्थित है जिसका खसरा नं. 622, 638, 641/1 कुल रकबा 1.2100 हे. है जिससे संबंधित अभिलेख में मेरा घरेलू नाम प्रतापदास दर्ज हो गया है कि मैने आज दिनांक से अपना नाम परिवर्तित कर अनिल कुमार उर्फ प्रतापदास मानिकपुरी कर लिया है एवं भविष्य में मै अपनी भूमि से संबंधित रिकार्ड में मेरा नाम अनिल कुमार उर्फ प्रतापदास मानिकपुरी ही दर्ज करवाना चाहता हूं। एवं मैं इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाउंगी। भविष्य में मेरा नया नाम अनिल कुमार उर्फ प्रतापदास मानिकपुरी ही दर्ज किया लिखा, पढ़ा, पुकारा, समझा जावेगा। जिस हेतु मैने श्रीमान कार्यपालिका मजिस्ट्रेट दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित कर लिया है। सो सूचना जाने।

भवदीय
अनिल कुमार मानिकपुरी
निवासी- ग्राम छिवलाटोला पो. घुघरी थाना तह. घुघरी जिला मण्डला मध्यप्रदेश वर्तमान पता- एच.आई.जी1/ 437, न्यू बोरसी एक्सटेंशन बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मै भाषित दिवान पिता सोमनाथ दिवान, निवासी-ई 7/5 चौहान टाउन जुनवानी तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं कि मेरा पूरा व सहि नाम भाषित दिवान है जो कि मेरी समस्त अंकसूची एवं दस्तावेजों में दर्ज है जो कि सही व सत्य है। कि मेरी जन्मतिथि 18/7/1998 है कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र मे मेरा नाम अक्षत दर्ज हो गया है कि मै उक्त नाम को परिवर्तित कर अपना नया नाम भाषित दिवान कर लिया गया है। अब मुझे भाषित दिवान इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा। जिस हेतु मैने श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (छ.ग.) के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित कर लिया है कि मै शासकीय गजट प्रकाशन में अपना नाम भाषित दिवान प्रकाशन करवाना चाहता हूं।

सो सूचना जाने।

भवदीय
भाषित दिवान
निवासी- ई.7/5 चौहान टाउन
जुनवानी तह. व जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) उद्घोषणा

रा.प्र.क्र 202110100700215//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार साहू पिता गुगानी राम साहू निवासी ग्राम वीर शिवाजी पार्क तहसील बलौदा बाजार जिला रायपुर के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 57/30 रकबा 0.011 वर्गफीट भूमि को विक्रेता भूपेश कुमार शुक्ला पिता/पतिश शंकर लाल शुक्ला निवासी ग्राम कान्हा विहार बस्ती बलौदा बाजार से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर)
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मनरेगा आयुक्त ने कलेक्टरों को लिखा पत्र, मनरेगा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप उद्यानिकी कार्यों को भी लेने के निर्देश

■ उद्यानिकी को बढ़ावा देने मनरेगा के साथ 'कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग' तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का अभिसरण

रायपुर/नवप्रदेश। मनरेगा के साथ 'कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग' तथा ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के अभिसरण से उद्यानिकी कार्य भी किए जाएंगे। राज्य मनरेगा आयुक्त मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर मनरेगा अभिसरण के लिए दिशा-निर्देशों के अनुरूप उद्यानिकी कार्यों को भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य मनरेगा कार्यालय द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि मनरेगा के अंतर्गत उद्यानिकी को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग तथा केन्द्रीय ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के साथ अभिसरण के निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार के दोनों मंत्रालयों के सचिवों द्वारा संयुक्त गाइडलाइन जारी कर उद्यानिकी के कार्यों को अभिसरण से कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। उद्यानिकी को बढ़ावा देने अच्छे पौधों की उपलब्धता,

तकनीकी विशेषज्ञता तथा प्रशिक्षण सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह संयुक्त गाइडलाइन जारी की गई है। इसके तहत मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) का कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एन.एच.एम.) एवं एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच) का अभिसरण किया जाएगा।

राज्य मनरेगा आयुक्त ने सभी कलेक्टरों-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयकों को मनरेगा के दिशा-निर्देशों एवं प्रावधानों का अनुपालन करते हुए सयुंक्त गाइडलाइन के अनुसार उद्यानिकी के कार्यों को अभिसरण के माध्यम से लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अभिसरण के तहत उद्यानिकी वृक्षारोपण को चुनने के लिए एस.आर.एल.एम. (State Rural Livelihood Mission) द्वारा ग्राम पंचायतों में संयुक्त जागरूकता बैठक आयोजित करवाते हुए उन्हें मनरेगा, एम.आई.डी.एच. (Mission for Integrated Development of Horticulture) एवं एन.आर.एल.एम. के तहत दिए जाने वाले लाभों की जानकारियों से ग्राम पंचायतों को अवगत कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। उन्होंने अभिसरण इनपुट के अन्य प्रावधानों की भी जानकारी ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

उद्यानिकी को बढ़ावा देने के लिए मनरेगा अभिसरण से सामुदायिक जमीनों पर एवं लाभार्थियों की आजीविका समृद्धि के लिए उनकी निजी भूमि पर योजनांतर्गत अनुमेय कार्य लिए जाएंगे। परिसंपत्तियों के सृजन तथा योजना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए एन.आर.एल.एम. के अंतर्गत स्वसहायता समूहों की महिलाओं को लेकर गठित क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सी.एल.एफ) को बतौर परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी (पी.आई.ए.) बनाया जा सकेगा।

चीन की अरुणाचल में घुसपैठ मोदी सरकार की नाकामी : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। अरूणांचल प्रदेश के चीन के द्वारा कब्जा का 4 गांव बसाने पर कांग्रेस ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुये आक्रोश व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश की सुरक्षा और स्वाभिमान पर बड़ी-बड़ी बातें करने वाले लक्षेदार भाषण देने वाले नरेन्द्र मोदी चीन के अवैध कब्जे का प्रतिकार करने में लाचार क्यों दिख रहे हैं? मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित होती जा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में देश की सुरक्षा को मुद्दा बनाकर राष्ट्रवाद के नाम पर देश के मतदाताओं के मतों का ध्रुवीकरण कर एक बार फिर से सत्ता पर काबिज होने वाले मोदी देश की सीमाओं की सुरक्षा में भी नाकामयाब और लापरवाह साबित हो रहे है। खुद को 56 इंची सीने का दंभ भरने वाले प्रधानमंत्री मोदी की बोलती चीनी कब्जे के सामने क्यों बंद हो गयी है? चीन का भारत की जमीन पर कब्जा किया जाना देश की संप्रभुता के साथ भारत के लोगों के स्वाभिमान को ललकारने वाला है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा केंद्र सरकार को चीन द्वारा अरूणांचल प्रदेश में कब्जा कर गांव बसाने की खबरों पर सार्वजनिक स्पष्टीकरण देना चाहिये। चीन धीरे-धीरे भारत के भूभाग पर कब्जा करते जा रहा है। 2017 में भी चीन ने डोकलाम इलाके में भारत के सीमा के अंदर अतिक्रमण किया था।

■ न्यूज गैलरी

सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज 2021 में भी छग को मिला बेस्ट स्टेट का अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज 2021 में भी छत्तीसगढ़ ने सर्वोत्तम राज्य के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

डॉ सिमी एवं शिवली को मिला रीटा पेशावरिया फेलोशिप अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। अभिभावकों का आत्मकरूणा और मानसिक स्वास्थ्य संतुलित व सकारात्मक रहेगा तभी वे अपने दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों की

भी देखभाल उपचार के लिए सकारात्मक कार्य करने में सफल हो सकेंगे यह जानकारी पत्रवार्ता में डॉ सिमी श्रीवास्तव और शिवली श्रीवास्तव ने दी उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने एक शोध किया है इस शोध में अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई है।इस अत्यंत महत्वपूर्ण शोधके लिए डॉक्टर सिम्मी श्रीवास्तव और उनकी बेटी शिवली श्रीवास्तव को विगत 15 नवंबर 2021 को डॉ किरण बेदी संस्थापक इंडिया विजन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा रीटा पेशावरिया मेनन फेलोशिप अवार्ड दिया गया है ।

उन्होंने बताया कि यह शोध देशभर में पहला शोध है जिसमें खासतौर पर ऑटिज्म और मानसिक दिव्यांगता से ग्रसित अभिभावकों के आत्म करुणा और मानसिक स्वास्थ्य पर रिसर्च किया गया है । शोधकर्ताओं द्वारा आत्म करुणा के तीन महत्वपूर्ण वर्गों में शोध किया गया है जैसे आत्म दया विरुद्ध आत्म निर्णय, सामान्य मानवता विरुद्ध एकांत एवं सचेतन विरुद्ध अति चेतना । इसके अतिरिक्तअवसाद, तनाव और चिंता पर भी शोध किया गया है । यह अक्सर पाया गया कि अभिभावकों को अपने दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों के बारे में पूर्ण जानकारी और उनके लिए पाए जाने वाली उपचार पद्धतियों के बारे में जानकारी का अभाव होता है । इसके इसके कारण वे उसके समुचित उपचार से वंचित रह जाते हैं इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की आवश्यकता है ।

किसान सभा ने कहा - सब याद रखा जाएगा

समर्थन मूल्य गारंटी कानून बनने तक जारी रहेगा संघर्ष

रायपुर। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा काले कृषि कानूनों की वापसी की घोषणा के बाद छत्तीसगढ़ किसान सभा द्वारा जगह-जगह ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाले जा रहे हैं। इन जुलूसों और सभाओं में मोदी सरकार की कॉर्पोरेटपरस्त नीतियों को शिकस्त देने के लिए सी-2 लागत का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य की गारंटी देने का कानून बनने तथा बिजली कानून में संशोधन बिल को वापस लेने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया जा रहा है। छग किसान सभा के अध्यक्ष संजय पराते और महासचिव ऋषि गुप्ता ने बताया कि कोरबा, सूरजपुर, सरगुजा सहित प्रदेश के कई जिलों और कोनों-कस्बों में कानून वापसी की घोषणा की खबर फैलते ही स्वतःस्फूर्त ढंग से किसानों ने रैलियां निकालकर अपनी जीत पर खुशी का इजहार किया। 26 नवम्बर को इस देशव्यापी किसान आंदोलन के एक साल पूरे होने जा रहे हैं और इस दिन पूरे प्रदेश में जोश-खरोश से प्रतिरोध रैलियां निकालकर इस आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिनकी कुर्बानियों से ही इस सरकार को अपने घुटने टेकने पड़े हैं। किसान सभा नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार की दमनकारी चालों के बावजूद किसानों की तपस्या ने इस आंदोलन को एक मुकाम तक पहुंचाया है। लेकिन इस सरकार के पास शहीद किसानों के प्रति संवेदना के दो शब्द भी नहीं है। इसी सरकार ने उनकी राह पर कीलें ठोंकी थी, उन पर गोलियां चलाई है, उन्हें कार से कुचलने का किया है और आन्दोलनजीवी और राष्ट्रविरोधी कहकर उनका अपमान किया है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को देश से माफी मांगने का कोई नैतिक हक नहीं है और सबसे पहले उन्हें इन सबके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन कुकृत्यों को हमेशा याद रखा जाएगा और शांतिपूर्ण और अहिंसात्मक आंदोलन के जरिये इसका जवाब आगे भी दिया। किसान सभा नेताओं ने मांग की है कि केंद्र सरकार तुरंत आन्दोलनकारी संगठनों के साथ वार्ता शुरू करें, ताकि समर्थन मूल्य सहित अन्य मुद्दों को भी किसानों के हितों में सुलझाया जा सके।

एक्टिवा से गांजा तस्करी, एक युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आजाद चौक थाना पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक्टिवा से गांजा तस्करी करते हुए एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 8 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम राजकुमार सोनकर निवासी स्टेशन रोड लोधीपारा है। बताया जाता है कि आरोपी मूलतः जौनपुर यूपी का रहने वाला है। वर्तमान में वह अलग-अलग ट्रेनों में घूमकर सामान बिक्री का काम करता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 किलो 200 ग्राम गांजा और एक्टिवा वाहन जब्त किया है।

जनकल्याणकारी योजना से छग खुशहाल हो रहा : मरकाम

■ पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर

■ प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम प्रभारी सचिवद्वय चंदन यादव सप्तगिरि शंकर उल्का हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस का त्रिस्तरीय पंचायती सम्मेलन का आयोजन रायपुर के इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव, एआईसीसी के प्रभारी सचिवद्वय चंदन यादव, सप्तगिरि शंकर उल्का शामिल हुए। त्रिस्तरीय पंचायत सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला पंचायत अध्यक्ष जनपद पंचायत अध्यक्ष सदस्यगण सरपंच एवं पंच के मानदेय को बढ़ाने की एवं उनको अधिकार संपन्न बनाने की घोषणा की।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 2018 में छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इतिहास में पहली बार नगरीय निकाय एवं 10 नगर निगम के चुनाव में 10 में जीत हासिल हुयी। नगर पालिका और नगर पंचायत में एतिहासिक जनादेश मिला। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की जनकल्याणकारी योजना से छत्तीसगढ़ खुशहाल हो रहा है। नरवा, गरूवा, घरूवा, बारी योजना से ग्रामीण व्यवस्था सुधर रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजूबत हो रही है। आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में भी कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। भूपेश बघेल सरकार की योजना पर जनता अपना मुहर लगायेगी।

छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया ने राज्य सरकार के द्वारा पंचायतों के सशक्तिकरण के लिये राज्य सरकार के उठाये कदम की सराहना किया। पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने पंचायतो के संबंध में राज्य सरकार के द्वारा किये जा रहे कामों और पंचायत प्रतिनिधियों की आवश्यकताओं को बताया। सभा को गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे, आबकारी मंत्री कवासी लखमा, नगरीय निकाय मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंत्री मो. अकबर, शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, राज्यसभा सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी नेताम, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री प्रशासन रविघोष, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, विधायक, सांसद, राज्यसभा सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यगण ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच सहित हजारों की संख्या में त्रिस्तरीय पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधिगण तथा कांग्रेसजन भी शामिल हुये। मंच का संचालन अमरजीत चावला, कन्हैया अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में शामिल होने आए जनप्रतिनिधियों को श्रीफल, शाल भेंट कर छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, पंचायत मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने सम्मान किया। आभार प्रदर्शन कन्हैया अग्रवाल ने किया।

पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का सर्वेक्षण अब 30 तक

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 नवम्बर 2021 तक कर दिया गया है। क्वांटीफायबल डाटा आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों क्षेत्रों में सर्वेक्षण के कार्यों की संभागवार समीक्षा 25 नवम्बर से 27 नवम्बर तक की जाएगी। आयोग द्वारा इसके लिए तिथिवार समय का भी निर्धारण कर दिया गया है।

क्वांटीफायबल डाटा आयोग के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़े वर्गों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वेक्षण का कार्य एक सितम्बर 2021 से किया जा रहा है। सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर 2021 निर्धारित की गई थी, परन्तु कार्य पूर्ण न होने के कारण सर्वेक्षण अवधि 30 अक्टूबर तक के लिए निर्धारित की गई थी, परन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण न होने के कारण सर्वेक्षण तिथि को 30 नवम्बर तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

सीओपीडी के बढ़ रहे रोगी, निरंतर जांच की आवश्यकता

■ एम्स के मेगा हैल्थ कैंप में बड़ी संख्या में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की जांच

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में आयोजित क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के मेगा हैल्थ कैंप में शनिवार को लगभग 175 रोगी स्क्रिनिंग और उपचार के लिए पहुंचे। इसमें सबसे अधिक संख्या ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की थी जिन्हें निरंतर प्रदूषित वातावरण में कार्य करने की वजह से सांस संबंधी शिकायतें आने लगी हैं। चिकित्सकों ने इनके फेफड़ों की जांच कर उन्हें प्रदूषण से बचने के बारे में जागरूक बनाया।

हैल्थ कैंप का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने प्रदूषित वातावरण और रासायनिक तत्वों के बीच कार्य करने वालों को अधिक सावधानी अपनाने के लिए कहा। उन्होंने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का कार्य चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि इन सभी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच करवानी चाहिए जिससे कार्य की वजह से उनके स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान का समय रहते पता चल सके।

हैल्थ कैंप को दो भागों में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और सामान्य रोगियों के लिए आयोजित किया गया। इसमें 175 दोनों प्रकार के रोगियों के रोगियों के फेफड़ों की कंप्यूटराइज्ड जांच की गई। इसमें 70 से अधिक ट्रैफिक पुलिस में कार्यरत हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. सजल डे और डॉ. अजॉय कुमार बेहरा का कहना था कि अस्थमा, टीबी की तरह सीओपीडी के रोगी भी लगातार बढ़ रहे हैं। अधिक धूम्रपान, प्रदूषण और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रासायनिक तत्वों के बीच कार्य करने वाले रोगियों को यह बीमारी अधिक होने की संभावना रहती है।

उन्होंने बताया कि इस बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों में खांसी, कफ और सांस लेने में दिक्कत होती है। सीओपीडी में आक्सीजन के रक्त में घुलने की प्रक्रिया धीमे पड़ जाती है जिससे स्वास्थ्य पर धीरे-धीरे दुष्प्रभाव पड़ता है। इससे सीने में जकड़न, वजन कम होना और हृदय से जुड़ी बीमारियां शुरू हो जाती हैं। यदि समय पर इसका इलाज करवा लिया जाए तो फेफड़ों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है।

भाजपा के विरोध प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस ने किया पटलवार, कहा - चोरी और सीनाजोरी

■ मोदी सरकार पेट्रोल डीजल पर यूपीए सरकार के दौरान की एक्ससाइज ड्यूटी लागू करें, सभी आवश्यक वस्तुएं हो जायेगी सस्ती : ठाकुर

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के महंगाई को लेकर चक्का जाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा के पेट्रोल-डीजल के महंगाई को लेकर चक्काजाम को चोरी और सीनाजोरी बताते हुये कहा कि पेट्रोल-डीजल में बेतहाशा टैक्स बढ़ाकर महंगा मोदी सरकार ने किया और भाजपा किस मुंह से राज्य सरकार से वैट घटाने की मांग कर रही है। भाजपा नेताओं में नैतिकता है तो उन्हें मोदी सरकार से पेट्रोल-डीजल में एक्साइज ड्यूटी यूपीए सरकार के दौरान की लागू करने की मांग करनी चाहिए।

मोदी भाजपा की सरकार में पेट्रोल-डीजल ही नहीं बल्कि रसोई गैस, खाद्य तेल, खाद्य सामग्री, दवाई, जूता-चप्पल, कपड़ा, ट्रांसपोर्टिंग, रेल, माल ढुलाई, भाड़ा, यात्री किराया, ऑयल, ग्रीस, ऑटो पार्ट्स, टायर, ट्यूब, बैटरी, बिजली के सामान, स्टेशनरी, कॉपी, पुस्तक सहित अति आवश्यक वस्तुओं के दाम में दोगुनी-तीन गुनी वृद्धि हुई है। आम जनता का जीना बेहाल हो गया है। मोदी की महंगाई की मार गरीब आदमी के रसोई और थाली पर पड़ा है, दो जून की रोटी महंगी हो गई। महंगाई के चलते आम लोगों के ऊपर कर्ज भार बढ़ गया है और बचत शून्य हो गया, महंगाई मोदी प्रायोजित है, मोदी के संरक्षण में मोदी के मित्रों ने आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी, कालाबाजारी शुरू कर दी।

मोदी सरकार की मुनाफाखोरी की नियत एवं हम दो हमारे दो की नीतियां जिम्मेदार है। मोदी सरकार ने पेट्रोल में एक्ससाइज ड्यूटी 9.48 रु. से बढ़ाकर 33 रु. एवं डीजल में 3.56 रु. से बढ़ाकर 32 रु. एवं 5 रु. सेस लगाकर जनता के ऊपर महंगाई की कुठाराघात की। अब पेट्रोल में 33 रु. बढ़ाकर 5 रु. घटाना एवं डीजल पर 32 रु. एवं 5 रु. सेस लगाकर 10 रु. घटाना न्याय संगत नही है।

मध्यप्रदेश में पेट्रोल पर 33 प्रतिशत, तेलंगाना में 35.20 प्रतिशत, उड़ीसा में 32 प्रतिशत, मणीपुर में 36.50 प्रतिशत, मेघालय 31 प्रतिशत, दिल्ली में 30 प्रतिशत, कनार्टक 35 प्रतिशत, असम में 32.68 प्रतिशत, केरल में 30.8 प्रतिशत वेट लगता था तब सबकी अपेक्षा छत्तीसगढ़ राज्य सिर्फ25 प्रतिशत वैट ही लग रहा था। आज भी 15 राज्यों में छत्तीसगढ़ में वेट दर कम है।

बयानबाजी — काले कृषि कानूनों को पहले वापस ले लेते को सैकड़ों किसानों की जान बच जाती : कांग्रेस

आंदोलन में शहीद किसानों से मोदी माफी मांगे, मुआवजा दें

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कृषि कानून वापस लेने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि केंद्र के इस निर्णय से देश की जनता और अन्नदाताओं की जीत हुई है। प्रजातंत्र में किसी भी अन्याय के विरोध में किया जाने वाला शांतिपूर्ण जनआंदोलन जरूर सफल होता है और आतातायी अन्यायी शासक को झुकना पड़ता है। जिन किसानों को आतंकवादी, खालिस्तानी समर्थक, न जाने क्या-क्या कहा गया अंततः उनके शांतिपूर्ण आंदोलन के सामने मोदी सरकार को झुकना पड़ गया। इन काले कानूनों को पहले ही वापस ले लेते तो इन कानूनों के विरोध के कारण चलाये जा रहे आंदोलन में देशभर में 600 से अधिक किसानों की जाने नही जाती। आशा है प्रधानमंत्री की यह घोषणा पूरी ईमानदार होगी, इसके पीछे केंद्र सरकार की कोई और छुपी मंशा नही होगी। इन कानूनों को तो संसद में प्रस्तुत करने के पहले जब अध्यादेश के रूप में लागू किया गया था उसी समय वापस ले लेना था। जिस कानून की विसंगतियों और दुष्प्रभाव को समझने में किसानों और देश की जनता को तीन घण्टे भी नही लगे

उन काले कानूनों के बुरे प्रभावों को समझने में मोदी सरकार को एक साल से भी अधिक समय लग गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार ने कृषि कानूनों को बनाने के लिये अलोकतांत्रिक रवैया अपनाया था। पहले तो अध्यादेश के रूप में लागू किया, जब संसद में विधेयक के रूप में पारित कराने की बारी आई तब बहुमत के अतिवाद का प्रदर्शन कर विपक्ष के विरोध को दबाने के लिये मार्शल तक को लगाया गया। राज्यसभा में बिना चर्चा कराये ध्वनिमत से विधेयक को पारित करवा कर कानून बनाया गया। कृषि कानून बनाने के बाद भाजपा की लगातार हो रही हार और उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित पांच राज्यों के चुनावों को देखते हुये केंद्र सरकार इस कानून को वापस लेने बाध्य हुई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि कानून वापस लेने की घोषणा कर नए सिरे से शुरुआत करने की बात कर रहे। लेकिन कृषि कानूनों के विरोध के आंदोलनों में जिन लोगो की जाने गयी है जब तक उनके घावों में मरहम नही लगेगा नए सिरे से शुरुआत कैसे होगी? प्रधानमंत्री मोदी को इन शहीद किसानों, आंदोलनकारियों के परिवारों से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिये तथा मृतकों को उचित मुआवजा भी दिया जाये।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने इन कानूनों के खिलाफ न सिर्फ किसानों के आंदोलन का समर्थन किया था, कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में इन काले कानूनों का विरोध किया। राहुल गांधी ने कहा था मोदी सरकार से एक दिन इस कानून को वापस लेने बाध्य होना पड़ेगा क्योंकि यह कानून देश के किसानों के हितों के खिलाफहै। अंततः केंद्र ने एक साल से अधिक समय की हठधर्मिता के बाद कानून को वापस लिया।

ठंड का मौसम

सर्दियों का मौसम गरीबों के लिए बहुत अधिक परेशानियों का निर्माण करता है, क्योंकि उनके पास गरम कपड़े और रहने के लिए पर्याप्त आवासों का अभाव होता है। बहुत अधिक सर्दी के कारण बहुत से पक्षी पलायन कर जाते हैं और पशु शीत निद्रा (हाइबरनेशन) में चले जाते हैं। इस मौसम के दौरान कोहरा और धुंध बहुत ही सामान्य होते हैं, जो सड़कों पर अधिक भीड़ और दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। हमें सर्दियों से बचने के लिए बहुत से गरम कपड़े पहनने चाहिए और अपने घरों में रहना चाहिए।

शरद ऋतु की अवधि

भारत में सर्दियों के मौसम के शुरु होने की अवधि क्षेत्रों और पृथ्वी के अपने अक्ष पर सूर्य के चारों ओर घूमने के अनुसार अलग-अलग है। हाल के मौसम विज्ञान के अनुसार, उत्तरी गोलार्द्ध में सर्दी का मौसम दिसम्बर में आता है और फरवरी के अन्त में या मार्च की शुरुआत में खत्म होता है। दक्षिण के लोगों के लिए, सर्दियों के महीने जून, जुलाई और अगस्त होते हैं।

शरद ऋतु की विशेषताएं

हम सर्दी के मौसम में अन्य मौसमों की तुलना में बहुत से बदलाव देखते हैं; जैसे- लम्बी रातें, छोटे दिन, ठंडा मौसम, ठंडी हवा, बर्फका गिरना, सर्द तूफान, ठंडी बारिश, घना कोहरा, धुंध, बहुत कम तापमान आदि।

सर्दियों का आनंद लेने के लिए चीजें और वस्तुएं

मौसम के स्थितियों और रुचि के अनुसार, बहुत सी सर्दियों की गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं; जैसे- आइस-स्केटिंग, आइस-बाइकिंग, आइस-हॉकी, स्कीइंग, स्नोबॉल फाइटिंग, स्नोमैन को बनाना, स्नो-कैसल (बर्फका घर) आदि।

कुछ शीतकालीन तथ्य

सर्दियाँ भारत में सबसे महत्वपूर्ण मौसमों में से एक है, जो शरद संक्राति पर शुरु होता है हालांकि, वसंत विषुवत पर खत्म होता है। सर्दियों में दिन छोटे होते हैं, रातें लम्बी होती हैं और अन्य मौसमों से कम तापमान रहता है। पृथ्वी के सूर्य से दूर झुके होने पर शरद ऋतु का आगमन होता है। यह स्वास्थ्य का निर्माण करने का मौसम है हालांकि, पेड़-पौधों के लिए बुरा होता है, क्योंकि वे बढ़ना छोड़ देते हैं। बहुत से जानवर असहनीय ठंडे मौसम के कारण शीतकालीन निद्रा में चले जाते हैं। इस मौसम के दौरान बर्फगिरना और सर्द तूफानों का आना सामान्य बात है। हमें शरद ऋतु की चरम सीमा के महीने में उच्च स्तरीय ठंड और तेज सर्द हवाओं का सामना करना पड़ता है। हम वातावरण में दिन और रात के दौरान बड़े स्तर पर तापमान में परिवर्तन देखते हैं, रातें लम्बी होती है और दिन छोटे होते हैं। आसमान साफदिखता है हालांकि, कभी-कभी सर्दी के चरमोत्कर्ष पर पूरे दिन भर धुंध या कोहरा के कारण अस्पष्ट रहता है। कभी-कभी शरद ऋतु में बारिश भी होती है और स्थिति को और भी अधिक बुरा बना देती है। देश के कुछ स्थानों पर, जलवायु सामान्य तापमान (न बहुत ठंड और न अधिक गर्म) के साथ मध्यम रहती है और बहुत सुखद एहसास देती है। हर कोई शरीर को गर्म रखने के साथ-साथ बहुत कम तापमान से सुरक्षा पाने के लिए सर्दियों में मोटे ऊनी कपड़े पहनता है। हम थोड़ी सी गर्मी और सुखद अनुभव प्राप्त करने के लिए सुबह और शाम गर्म कॉफी, चाय, सूप आदि का एक घूंट लेना पसंद करते हैं। हम आम तौर पर रविवार को दोपहर में पिकनिक पर जाते हैं और प्राकृतिक धूप से कुछ गर्मी पाते हैं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ आनंद लेते हैं। हम गर्मी पाने और सर्दियों से सुरक्षित रहने के लिए रात को जल्दी बिस्तर पर चले जाते हैं।

प्रकृति की सुन्दरता

शरद ऋतु स्वास्थ्यवर्धक फलों और हरी पत्तेदार सब्जियों का मौसम है, जैसे- अंगूर, संतरा, सेब, अमरूद, पपीता, गन्ने का जूस, अनानास, गाजर, आंवला, गोभी, चुकंदर, शलजम, मूली, टमाटर, आलू आदि। हम कह सकते हैं कि, सर्दियों का मौसम स्वास्थ्य बनाने का मौसम है। शरद ऋतु फसलों का मौसम है; जैसे- गेहूँ, बाजरा, मूँगफली, और अन्य कुछ फसलें आदि। बहुत प्रकार के मौसमी फूल (डेहलिया, गुलाब आदि) सुन्दर रंगों में खिलते हैं और प्रकृति की सुन्दरता को बढ़ाते हैं।

शरद ऋतु की मुख्य एजेंट सर्द हवाएं और कोहरा होता है, जो इस मौसम को और अधिक शुष्क और ठंडा बनाता है। कभी-कभी बिना मौसम की बरसात भी होती है, जो जीवन को और भी अधिक दर्दनाक बना देती है। सर्दियों की ठंडी बारिश फसलों, सब्जियों और फलों को नष्ट कर देती है। घना कोहरा सर्दियों में रात को घर बाहर जाना मुश्किल बना देता है।

सर्दियों का मौसम अपनी स्वयं की विशेषता भी रखता है। यह स्वास्थ्य बनाने, सुबह को टहलने, सांस लेने के लिए वातावरण में ताजी हवा, मच्छरों का कोई डर नहीं, किसानों की फसल आदि के लिए अच्छा होता है। पहाड़ी क्षेत्र (घर, पेड़ और घास सहित) सफेद बर्फकी मोटी परत से ढक जाते हैं और बहुत सुंदर लगते हैं। इस मौसम में, पहाड़ी क्षेत्र एक भयानक दृश्य की तरह दिखते हैं। सर्दियों में मौसम की गंभीर स्थिति के कारण, लोगों को अपने घरों से बाहर जाते समय बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

शरद ऋतु भारत में चारों ऋतुओं में सबसे ठंडी ऋतु होती है। यह दिसम्बर के महीने में पड़ती है और मार्च में होली के दौरान खत्म होती है। दिसम्बर और जनवरी को शरद ऋतु के सबसे ठंडे महीने माना जाता है। यह पतझड़ के मौसम के बाद आती है और वसंत ऋतु (बाद में ग्रीष्म ऋतु) से पहले समाप्त हो जाती है। हम आमतौर पर, इसे दीवाली के त्योहार (शरद ऋतु की शुरुआत) से होली के त्योहार (शरद ऋतु की समाप्ति) तक वातावरण के तापमान में निरंतर कमी के द्वारा महसूस करते हैं।

प्रकृति का एक रूप यह भी... शरद ऋतु

शरद ऋतु में दिनचर्या

देश के कुछ स्थानों पर, जलवायु सामान्य तापमान (न तो बहुत अधिक सर्दी और न ही बहुत अधिक गर्मी) के साथ मध्यम रहती है और बहुत ही सुखद अहसास देती है। सभी पूरे सर्दी के मौसम के दौरान शरीर को गर्म रखने के लिए मोटे ऊनी कपड़े पहनने के साथ ही बहुत ही कम तापमान से सुरक्षित महसूस करते हैं। शीत ऋतु हमें जीवन के संघर्षों का सामना करने की प्रेरणा देती है। शीत ऋतु से पहले शरद ऋतु में हमारा जीवन सामान्य रहता है लेकिन शीत ऋतु में हमारा संघर्ष बढ़ जाता है। जिस तरह से शीत ऋतु के जाने के बाद हमें बसंत का आनन्द मिलता है, ठीक उसी तरह जीवन में संघर्ष करने के बाद हमें सफलता का आनन्द मिलता है। यही संदेश हमें शीत ऋतु देती है। सर्दी का मौसम बर्फीला और उपयोगी मौसम है। हम थोड़ी सी गर्मी पाने और आरामदायक महसूस करने के लिए सुबह और शाम को गर्म कॉफी, चाय, सूप आदि का सेवन करते हैं। लोग आमतौर पर, रविवार को दोपहर के समय सूर्य से प्राकृतिक रूप से गर्मी लेने के लिए पिकनिक पर जाते हैं और अपने परिवार व मित्रों के साथ मनोरंजन करते हैं। हम रात को स्वयं को गर्म रखने और सर्दी से बचाने के लिए अपने बिस्तर पर जल्दी जाते हैं।

सर्दी का मौसम साल का सबसे ठंडा चरण होता है, जो दिसम्बर में शुरु होता है और मार्च में खत्म होता है। शरद ऋतु के दौरान सभी जगहों पर बहुत अधिक ठंड लगती है। शरद ऋतु के चरम सीमा के महीनों में वातावरण का तापमान बहुत कम हो जाता है। पहाड़ी क्षेत्र (घरों, पेड़ों, और घासों सहित) बर्फकी सफेद मोटी चादर से ढक जाते हैं और बहुत ही सुन्दर लगते हैं। इस मौसम में, पहाड़ी क्षेत्र बहुत ही सुन्दर दृश्य की तरह लगते हैं। सर्दियों में कड़ाके की ठंड और मौसम की स्थिति के कारण, लोगों को घर से बाहर जाने के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सर्दियों के दौरान प्राकृतिक दृश्य

सर्दियों के मौसम के दौरान पहाड़ी क्षेत्र बहुत ही सुन्दर दिखने लगते हैं, क्योंकि सब कुछ बर्फकी चादर से ढका होता है और प्राकृतिक दृश्य की तरह बहुत सुन्दर दिखाई देता है। सभी वस्तुओं पर पड़ी हुई बर्फमोती की तरह दिखाई देती है। सूर्य के निकलने पर अलग-अलग रंग के फूल खिलते हैं और पूरे वातावरण को नया रुप देते हैं।

हरी सब्जियां, फूल व फल

शीत ऋतु का अपना विशेष महत्व होता है। शीत ऋतु के आरंभ में कम तापमान में गेहूँ जैसी फसलों को बोया जाता है। शीत ऋतु में अधिकतर हरी सब्जियों की भरमार होती है। शीत ऋतु में हम मेथी, गाजर, मटर, बैंगन, गोभी, धनिया, मूली जैसी हरी सब्जियों को आसानी से प्राप्त कर पाते हैं। सूर्य के निकलने पर अलग-अलग रंग के फूल खिलते हैं और पूरे वातावरण को नया रुप देते हैं।

शीत ऋतू ठण्ड का मौसम होता है। शीत ऋतू मूलतः नवम्बर दिसंबर जनवरी फ़रवरी माह में रहता है। शीत ऋतू में पारा अपने न्यूनतम तापमान में चला जाता है। पहाड़ी जगहों में इन दिनों खूब बर्फ़बारी होती है। सर्दी में दिनों में धुप बहुत कम निकलती है। सर्दी के दिनों में सुबह और रात में घना कोहरा देखने को मिलता है। लोग ठण्ड से बचने और गर्मी पाने के लिए घरो में रूम हीटर या लकडिया जलाते है। सर्दी से बचने के लिए लोग गर्म कपडे जैसे स्वेटर, जैकेट, कम्बल और शॉल आदि का प्रयोग करते है। शीत ऋतू के आस पास ही दीवाली, क्रिसमस, नया साल और लोहड़ी जैसे प्रशिद्ध तैयार आते है। शीत ऋतू में सूर्य जल्दी डूबता है और देर से उगता है, जिससे दिन छोटे और राते लम्बी हो जाती है



पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नवम्बर की सर्द

नवम्बर की सर्द रिमझिम चाय की तलब उसे लगी होगी पकोड़ो की प्लेट और कॉफी मग बालकनी में झांकने की कोशिश की होगी सर्द हवाओं ने जब जब शिकस्त दी तब तब याद उसे मेरी आयी होगी कोट की जेब में बिखरे अधुरे लम्हें सर्द उदास सी रात गुम हुए पलों की तलाश तो की होगी सुन रे नवम्बर की प्यारी बरखा क्या उसे एक हिचकी आयी होगी।

– शोभा गोयल

नवम्बर की सर्द

पता नही जीवन अंतिम क्षण कितना चमत्कृत हुआ होगा सारा दृश्य जब एक ही पल में अदृश्य हुआ होगा ! पता नही काया सखा से बिछोह समय व्यथित हुआ होगा या बंधन मुक्ति से आत्मा का मन पुलकित हुआ होगा ! पता है मृत्यु संगीत पर जीवन का अंतिम नृत्य हुआ होगा नश्वरता का अनश्वरता में प्रगाढ़ रूपातंरण हुआ होगा।

– जावेद उस्मानी

खास पाती

कोई आपके लिए कुछ

कोई आपके लिए कुछ करेगा अपेक्षा मत करो कोई आपके लिये जियेगा मरेगा अपेक्षा मत करो लोग तो रूबरू कही दिल की बात नही समझते कोई तुम्हारी खामोशी को पढेगा अपेक्षा मत करो जो बस जिष्मों की चाह में डूबे रहते है दिन - रात , वो दिल की देहरी में पांव धरेगा अपेक्षा मत करो ! जो सिर से पैर तक धंसा है वासना के दलदल में, वो अपनी रूह से मोहब्बत गढेगा अपेक्षा मत करो! जो अपने जिन्दगी के मोहजाल में उलझे हुआ है , वो कैसे सत्य के संग - संग चलेगा अपेक्षा मत करो ! अपने लख्त-ए-जिगर ही चले जाते है दूर बहुत दूर , कोई गैर आपका ख्याल रखेगा अपेक्षा मत करो ! जब भी बांधोगे किसी से अपनेपन की उम्मीद चुन्नी, इस खुशफहमी को कोई सच करेगा अपेक्षा मत करो। **– राज चुन्नी शर्मा**

है जिन्हें दौलत का नशा,वे नशे

है जिन्हें दौलत का नशा,वे नशे में चूर हैं, ए खुदा ये इन्सान भी कितने मग़रूर है। हर ख्वाईश उनकी चुटकियों में पूरी हो जाती है, करोड़ों की दौलत जमा करने का ये कैसा फ़ितूर है। सोने की कलम से किस्मत लिखवाते है कुछ लोग, हालात एक बार सबके बदलते जरूर हैं। अपनों से मिले हुए जिनकी सदियाँ गुजर जाती है, इसी दौलत की बदौलत इनके रिश्ते भी दूर-दूर है। दिल से गरीब हैं,पैसों पर हुक़ूमत है इनकी, इतना मिला है फिर भी न इनको सबूर है। सब कुछ यहाँ इक राख के ढेर सा रह जायेगा सपना ये दौलत साथ न जाएगी ,फिर किस बात का तुमको गुरुर है।**– सपना परिहार**

सनन सनन बह रहा पवन था

सनन सनन बह रहा पवन था लम्बे विरह के बाद आज मन प्रसन्न था शुभ्र शरद ऋतु थी, तुम प्रकम्पितगात थी चांदनी वह रात थी। चांदनी वह रात थी। **– घनश्याम गुप्ता**

कृषि कानून वापस होने पर

कृषि कानून वापस होने पर अब सबसे जियादा फ़ाइदा अउर उपज मियां खलीफ़ा के खेत मे होगी। अगर यह कानून लागू हो जाते ---तो मियां खलीफ़ा के गाजापट्टी के आस पास जितने खेत और पहाड़ी क्षेत्र है। उनसब पर अडानी,अंबानी का कब्जा हो जाता। **–परेश स्वर्णकार**

प्यार का इज़हार होना चाहिये

प्यार का इज़हार होना चाहिये, हौसला बेदार होना चाहिये। झूठी इस दुनिया में जीने के लिये, ख़्वाबों का विस्तार होना चाहिये। ईद में वो चांद दर्शन दे या न दे, आपका दीदार होना चाहिये्। इश्क़ में नाकाम लोगों को सदा, मरने का अधिकार होना चाहिये। सैनिकों की संख्या है अपनी जगह। फौज का सरदार होना चाहिए। **– डॉ संजय दानी**

गीत लिखती रहूं तुम सुनाते रहो

गीत लिखती रहूं तुम सुनाते रहो गीत मेरे यूं ही गुनगुनाते रहो मेरे मन की धरा पर खिले जो सुमन छेड़ वीणा के सुर तुम सजाते रहो । शारदे माँ कृपा हम पे करती रहें झोलियाँ बहन भाई की भरती रहें हो मगन मैं लिखूं वंदना मात की, मात्रा ताल सुर तुम लगाते रहो । शारदे की कृपा से ही हम हैं मिले, गीत लिखने के अब चल पड़े सिलसिले। जो कभीभूल से गल्तियाँ मैं करूं बावरी जान उनको भुलाते रहो। **– चंद्र लता यादव**

घर वाले या आसपास के वे

घर वाले या आसपास के वे लोग जो निजी जीवन मे आपको जानते है ,, यदि आपको आपके किसी एक छोटे तिनके समान अच्छे गुण के लिए फॉलो कर रहे या आपसे प्रेरणा ले रहे तो यकीन मानिए जीवन मे बहुत कुछ खोकर भी कुछ अच्छा पाया है आपने। **– निशारावल**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत ने टोक्यो ओलम्पिक 2020 में हॉकी का कांस्य पदक जीता, जो वर्ष 1980 के बाद हॉकी में पहला ओलम्पिक पदक है। भारत ने किस देश को हराकर यह पदक जीता?
2) अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस कब मनाया जाता है?
3) किस पंचवर्षीय योजना में प्रथम बार पर्यावरण को विकास के साथ जोड़ा गया है?
4) वरूण ग्रह का प्रकाश क्यों हरा प्रतीत होता है?
5) किसने के2 पर्वत चोटी फ़तह करने वाला विश्व का सबसे कम आयु का पर्वतारोही बनने की उपलब्धि हासिल की है?

उत्तरमाला- (1) जर्मनी (2) 29 जुलाई (3) चौथी (4) मीथेन की अधिकता के कारण (5) शेहरोज़ काशिफ

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1517 : दिल्ली के शासक सिकंदर लोधी द्वितीय का निधन। 1872 : कवि और स्वतंत्रता सेनानी केसरी सिंह बारहट का जन्म। 1877 : प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने विश्व के सामने पहला फोनोग्राफ पेश किया। 1906 : चीन ने अफीम के व्यापार पर रोक लगाई। 1916 : परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक नायक यदुनाथ सिंह का जन्म। 1921 : प्रिंस ऑफवेल्स जो बाद में :किंग एडवर्ड अष्टम कहलाए बम्बई पहुंचे और इंडियन नेशनल कांग्रेस ने देशभर में हड़ताल की। 1931 : हिन्दी के प्रमुख यशस्वी कथाकार ज्ञानरंजन का जन्म। 1939 : समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का जन्म। 1941 : गुजरात की पहली महिला मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल का जन्म। 1947 : स्वतंत्रता के बाद साढे तीन आने कीमत का प्रथम भारतीय डाक टिकट 'जय हिन्द' जारी किया गया। 1962 : भारत-चीन सीमा विवाद में चीन ने संघर्षविराम की घोषणा की। 1963 : केरल के थुंबा क्षेत्र से पहला रॉकेट छोड़े जाने के साथ ही भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत। 1970 : भारतीय भौतिक विज्ञानी सी वी रमन का निधन। 1986 : मध्य अफ़्रीकी गणराज्य ने संविधान अपनाया। 1999 : चीन द्वारा अपने प्रथम मानव रहित अंतरिक्ष यान 'शेनझू' का प्रक्षेपण किया गया। 2001 : संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में अंतरिम प्रशासन के गठन का प्रस्ताव रखा। 2002 : मुस्लिम लीग (कायदे आजम) के नेता जफरउल्ला ख़ान जमाली पाकिस्तान के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए।

बालको ने पर्यावरण संवेदी उत्पादन की ओर बढ़ाया एक और कदम, सीमेंट उद्योग को भेजा पहला फ्लाईऐश रैक

बालकोनगर (नवप्रदेश)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए देश की प्रमुख सीमेंट उत्पादक कंपनी को पहली बार रेलवे रैक के माध्यम से फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इससे कम कार्बन वाले सीमेंट के उत्पादन के साथ चक्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। फ्लाई ऐश का 100 फीसदी उपयोग सुनिश्चित होगा।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने पहले फ्लाई ऐश रैक के रवाना होने के अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन और नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर बालको ने अपने प्रचालन में अत्याधुनिक तकनीकों को स्थान दिया है।

बालको की उत्पादन प्रक्रिया के दौरान निकलने वाले अनेक उत्सर्जी पदार्थों को नवाचार आधारित तकनीकों से कम करने में मदद मिली है। पुनर्चक्रण के जरिए अनेक सह उत्पादों का दोबारा प्रयोग भी किया जाता है। पर्यावरण प्रबंधन और कार्बन फुटप्रिंट कम करने की दिशा में नई तकनीकों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

अभिजीत पति ने कहा कि बालको और सीमेंट उद्योग मिलकर फ्लाई ऐश का प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे पर्यावरण संवेदी उत्पादन प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने में मदद मिलेगी।

अभिजीत पति ने बताया, इसके अलावा बालको ने विश्वेश्वरैया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (व्हीएनआईटी), नागपुर के साथ समझौता (एमओयू) किया है जिसके अंतर्गत संयंत्र परिसर और आसपास के क्षेत्रों में होने वाले सड़क निर्माण कार्यों में व्हीएनआईटी द्वारा विकसित ग्रीन कांक्रीट के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया, ग्रीन कांक्रीट ऐसा नवाचार है जिसमें फ्लाई ऐश और बॉटम ऐश जैसे औद्योगिक अपशिष्टों का प्रयोग करते हुए निर्माण कार्य संचालित किए जाते हैं। बड़े पैमाने पर ग्रीन कांक्रीट के प्रयोग से पर्यावरण का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

0.2020 में गोल्डन पीकॉक सस्टेनिबिलिटी अवार्ड से सम्मानित हो चुका है बालको

अभिजीत पति ने बताया, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन और सतत एवं सुरक्षित कार्य शैली को प्रोत्साहित करने के लिए बालको ने वर्ष 2020 में गोल्डन पीकॉक सस्टेनिबिलिटी अवार्ड, सीआईआई एनर्जी इफीसिएंसी अवार्ड, छत्तीसगढ़ सीआईआई एचएसई एक्सीलेंस अवार्ड हासिल किए। इनके अलावा पिछले वर्षों के दौरान इंटरनेशनल ग्रीन एप्पल अवार्ड, सीआईआई एनर्जी एक्सीलेंस अवार्ड, सस्टेनेबल बिजनेस ऑफद ईयर अवार्ड, नेशनल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन एनर्जी मैनेजमेंट तथा एनर्जी एंड एनवायरमेंट ग्लोबल एनवायरमेंट अवार्ड जीते।

पर्यावरण प्रबंधन संबंधी लक्ष्यों को पाने में मिलेगी मदद

बालको द्वारा अनेक सीमेंट उत्पादक कंपनियों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति की जा रही है। रेल मार्ग से फ्लाई ऐश की आपूर्ति से बालको को अपने पर्यावरण प्रबंधन संबंधी लक्ष्यों को पाने में मदद मिलेगी। बालको ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ साझेदारी की है। इसके अंतर्गत राजमार्गों के निर्माण के लिए बालको द्वारा एनएचएआई को फ्लाई ऐश की आपूर्ति की जा रही है।

भगवा ध्वजारोहण निर्विघ्न संपन्न कराने संकल्प के 21 हजार दीपकों का दीपदान संपन्न हुआ

कवर्धा। 10 दिसंबर 2021 को 108 फीट के स्तंभ में परम पुज्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के संकल्प ध्वजोत्तोलन कार्यक्रम को निर्विहन संपन्न हो इस भावना से श्री शंकराचार्य जनकल्याण न्यास द्वारा एवं कवर्धा केसमस्त हिन्दू सनातनी परिवार के द्वारा 21000 दीपकों का दीपदान का कार्यक्रम कार्तिक पुर्णिमा 'देव दीपावली' के दिन संपन्न हुआ। दीपकों को 108 फीट भगवा ध्वजारोहण10 दिसंबर 2021 सभी हिन्दू सादर आमंत्रित है लिखकर सजाया गया था श्री जानकी रमण प्रभु देवालय परिसर शिखर को भी दीपकों से सजाया गया। कवर्धा नगर के अधिक से अधिक पुरुष और महिला वर्ग इस कार्यक्रम में शामिल हुये कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्या पंडित शिवविलास शर्मा, पंडित प्रमोद शर्मा द्वारा संकल्प को पूर्ण कराया गया ब्रम्ह्चारी श्री केशवानंद जी, ब्रम्ह्चारी श्री सिद्धेश्वरानंद जी, ब्रम्ह्चारी श्री ह्रदयानंद जी, पंडित आनंद उपाध्याय द्वारा देव दीपावली के दिन दीपदान के महत्व और पुण्यलाभ के बारे में प्रवचन किये कार्यक्रम का बहुत ही अच्छे से संचालन धर्मालंकार पंडित पवन मिश्रा द्वारा किया गया। नम्रता मोदी पूर्व पार्षद एवं गुप्ता मोहल्ला, कचहरी मोहल्ला के महिलाओ द्वारा बहुत ही आकर्षक मनमोहक रंगोली बनाया गया उक्त कार्यक्रम मेंश्री शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चंद्रप्रकाश उपाध्याय द्वारा उपस्थित सभी हिन्दू भाइयों को 10 दिसंबर 2021 को आयोजित भगवा ध्वजारोहण कार्यक्रम में माताओं से कलश यात्रा में शामिल होने एवं पुरुषो को ध्वजारोहण कार्यक्रम के समय अपने -अपने घर से शंख लाकर शंखनाद करने का आवाहन किया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रथम दिया चंद्रप्रकाश उपाध्याय की पुत्री अंबिका उपाध्याय (मंजरी) ने प्रथम दिया जलाया । इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पुर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, नेता प्रतिपक्ष उमंग पांडेय, निलु चंद्रवंशी, सौरभ शर्मा, लोकनाथ देवांगन, जयशंकर शर्मा, राममंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संतोष चौबे, वेद श्रीवास्तव, रमेश पांडेय, संतोष सोनी, सुध्धु तिवारी, गुड्डू शर्मा, वेदनारायण तिवारी, हरि विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के मीडिया प्रभारी पंडित देवदत्त दुबे लोहारा द्वारा दिया गया।

कबीरधम जिले के हर ग्राम से आयेगा एक मुट्ठी मिट्टी और एक लोटा ग्राम का जल

10 दिसंबर भगवा ध्वजारोहण के दिन

कवर्धा। श्री शंकराचार्य जनकल्याण न्यास कवर्धा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ने प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जानकारी दिया की 10 दिसंबर 2021 को कवर्धा मे आयोजित 108 फीट के स्तंभ में विशाल भगवा ध्वजारोहण कार्यक्रम मे कबीरधम जिले के हर ग्राम से 01 मुट्ठी मिट्टी और ग्राम के सरोवर से या सरोवर न हो तो ग्राम के नदी या बोरिंग से 01 लोटा जल मंगाया जा रहा है सभी ग्रामवासियों से निवेदन किया गया है एवं परम पुज्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज से हुई चर्चा अनुसार हर ग्राम का व्यक्ति स्वामिश्रीः के नाम एक पत्र लिखकर अपने ग्राम के बारे मे जानकारी जरूर देवे स्वामिश्रीः समयानुसर व्यक्तिगत मिलकर या दुरभाष से बात करने का समयानुसर पुरा प्रयास करेंगे 10 दिसंबर को सभी ग्रामवासियों को मिट्टी और जल पत्र लेकर 10 दिसंबर को 11 बजे कवर्धा स्थित राममन्दिर मे एकत्रित होने का आवाहन किया जाता है सभी ग्रामवासी अपने पत्र को लिफाफा मे पैक करके राममन्दिर कवर्धा के पुजारी को प्रदान कर सकते है।

खालशाई शान के साथ, पंज प्यारो की आगुवाई में निकली शोभायात्रा

■ वाहे गुरुजी की उठी गूंज

खरोरा।-श्री गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। पंज प्यारों ने शोभा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान पूरा नगर शबद कीर्तन से गूंजता रहा। शोभायात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।

नगर के प्रमुख मार्ग पर शबद, कीर्तन के साथ ही जो बोले सो निहाल सत श्रीअकाल.., वाहे गुरुजी की खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह आदि के जयकारे से गूंज उठे। इस दौरान गुरु ग्रंथ साहिब को सुंदर पालकी मे सजाया गया था जिसके आगे महिलाएं और युवतियां पर झाड़ू लगाकर सड़क को साफ-सुथरा करते चल रही थी। जिसके पीछे फूलो की वर्षा हो रही थी, वहीं जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। साथ ही प्रसाद भी वितरण किया गया।

बुधवार शाम पांच बजे के बाद सिक्ख धर्म के प्रणेता श्री गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर स्थानीय गुरुद्वारे से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें गुरुनानक देव की विशाल झांकी तैयार की गई थी। इसे फूलों से सजाया गया था। इसमें गुरू ग्रंथ साहेब को विशेष साज-सज्जा के साथ रथारूढ़ किया गया जिसकी अग्रवाइ पंज प्यारो ने की

शोभायात्रा के साथ ही पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर गुरबानी का गायन करते श्रद्धालुओं का हुजूम था। श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे गुरबानी पाठ व शबद गायन से पूरा नगर गूंजता रहा।

ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम दनिया के स्कूल पहुंची जांच टीम

प्रधानपाठिका द्वारा फर्जी हाजिरी भरकर राशि निकालने का मामला

■ लगभग 3 घंटे के गहमागहमी के बीच चला जांच

> ग्रामीणों ने प्रधान पाठिका के खिलाफ मध्यान भोजन में रसोइए के नाम पर फर्जी हाजरी डालने की शिकायत बीईओ से किया गया था जिसकी जांच के लिए तीन दलों का टीम गठित कर जांच किया गया। ग्रामीण और प्रधान पाठिका एवं शिक्षिका का ब्यान लिया गया है जिसे उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। आगे की कार्यवाही उनके द्वारा की जाएगी।
>
> **कल्पना शुक्ला,** सहायक शिक्षा अधिकारी छुईखदान

गंडई पंडरिया। शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षक-शिक्षिका ही अगर भ्रष्टाचार में संलिप्त हो साथ ही बच्चों की भविष्य से खिलवाड़ करने लगे व उनकी पेट मे कांटा मारने लगे तो क्या कहे। एक ऐसा ही मामला गंडई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दनिया में देखने को मिला है। जहां प्रधान पाठिका द्वारा घोर लापरवाही किया गया है साथ ही मध्यान भोजन में फर्जी हाजरी भरकर शासन को चुना लगाने मे मशगूल है।

ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले प्रधान पाठिका ममता वाडिये और शिक्षिका मोहनी देवांगन के ख़िलाफ़ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से लिखित शिकायत किया गया था। जिसकी जांच के लिए बीते बुधवार को तीन दलीय कमेटी के दलों ने जिनमें कल्पना शुक्ला सहायक शिक्षा अधिकारी छुईखदान, विद्या देवी भट्ट व्याख्याता शासकीय बालक हायर सेकेंड्री गंडई और सीखा ठाकुर शासकीय हायर सेकेंडरी जंगलपुर ने ग्राम दनिया के स्कूल दोपहर 12 बजे पहुंचे। जहां टीम ने ग्रामीणों और प्रधान पाठिका का बयान लेकर बीईओ छुईखदान को भेजा जाएगा।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत दनिया के प्राथमिक पाठशाला स्कूल में 25 विद्यार्थियों का नाम दर्ज है जिसमे से छात्र 14 और 11 छात्रा है जिसमे से मात्र 5 से 6 बच्चे रोजाना स्कूल आते हैं। उसके बाद भी मध्यान भोजन में 20 से अधिक बच्चों का नाम अंकित कर राशि का आहरण कर शासन को चुना लगाने का काम लंबे समय से किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने अपने शिकायत में यह भी लिखा है कि प्रधान पाठिका ममता वाडिये स्कूल समय में बच्चों को पढ़ाने के बजाए मोबाईल में व्यस्त रहती है।

आमचो पुलिस आमचों गांव के तहत साप्ताहिक बाजारों में थाना लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

कोण्डागांव। आमचो पुलिस आमचों गांव कोण्डागांव पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है, इसी कड़ी में थाना उरन्दाबेड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बढ़गई के साप्ताहिक बाजार में 19 नवंबर को पुलिस द्वारा जिले के आलाधिकारियों एसपी, एएसपी, एसडीओपी निर्देशन पर चलित थाना लगाया गया। जहाँ ग्राम सरपंच, उप सरपंच, ग्राम पटेल व बाजार आये लगभग 150 ग्रामीणों की उपस्थित रहे।

चलित थाना लगाकर ग्रामीणों से रूबरू होकर अपराधों की रोकथाम हेतु विभिन्न अपराध महिलाओं के उपर होने वाले अपराध जैसे छेडछाड, दहेज प्रताडना, बाल विवाह, दहेज मृत्यु, बाल विवाह, घरेलू अपराध, मानव तस्करी आदि तथा बच्चों पर होने वाले लैंगिक अपराध, बाल मजदूरी, ठगी करने वाले एटीएम ठग गिरोह, बच्चों के अधिकार तथा साईबर अपराध के विषय में जानकारी दिया गया। साथ ही गांव में होने वाले किसी भी प्रकार के अपराध घटित होने पर तत्काल थाना उरन्दाबेड़ा को सूचित करने हिदायत दिया गया

ग्रामीणों को जागरूक करते बताया गया यातायात के नियम भी

इस अवसर पर युवाओं को यातायात नियम जिसमें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग, चार पहिया वाहन में सीटबेल्ट बांधना, अपने साईड पर चलना, तेज गति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करने, शराब पीकर वाहन चालन न करने तथा यातायात संकेतों को दिखाकर संकेत का मतलब समझाया गया, यातायात के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र पुजारी, प्रधान आरक्षक हिरामन नाग, आरक्षक संतोष उसेण्डी, राजेश मरकाम, बिसनाथ नेताम, सहायक आरक्षक रामकृष्ण नेताम, सन्तु साहू एवं सीएएफ का बल प्रधान आरक्षक व आरक्षकों के सहयोग से ग्राम बड़गई में चलित थाना अयोजित किया गया।

शासन की महतारी दुलार योजना कोविड-19 संक्रमण से अभिभावकों की मृत्यु होने पर बच्चों के लिए बनी संबल

■ जिले के 171 बच्चों को मिला योजना का लाभ

राजनांदगांव। शासन की महतारी दुलारी योजना कोविड-19 संक्रमण से अभिभावकों की मृत्यु होने पर बच्चों के लिए संबल बनी है। कोविड-19 संक्रमण के दौरान अभिभावकों की मृत्यु होने पर बच्चों में शिक्षा को लेकर चिंता थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बच्चों की पढ़ाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए महतारी दुलार योजना से सहारा दिया। कोविड-19 संक्रमण से मृत्यु होने वाले परिवारों के बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाने, निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने और छात्रवृत्ति का लाभ देने के लिए महतारी दुलार योजना लाई गई।

राजनांदगांव जिले में महतारी दुलार योजनांतर्गत 171 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। बच्चे अब शिक्षा की चिंता से मुक्त होकर अध्ययन कार्य कर रहे है। योजनांतर्गत कक्षा पहली में 9 विद्यार्थी, कक्षा दूसरी में 11 विद्यार्थी, कक्षा तीसरी में 13 विद्यार्थी, कक्षा चौथीं में 6 विद्यार्थी, कक्षा पांचवीं में 14 विद्यार्थी, कक्षा छठवीं में 12 विद्यार्थी, कक्षा सातवीं में 21 विद्यार्थी, कक्षा आठवीं में 13 विद्यार्थी, कक्षा नवमीं में 21 विद्यार्थी, कक्षा दसवीं में 20 विद्यार्थी, कक्षा ग्यारहवीं में 11 विद्यार्थी और कक्षा बारहवीं में 20 विद्यार्थी को प्रवेश दिया गया है।

अन्नदाता परेशान कैसे होगी धान की खरीदी : भुनेश्वर

कवर्धा। जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा भूनेश्वर चंद्राकर ने राज्य की भूपेश सरकार को धान ख़रीदी के लिए विफल बताते हुए कहा की राज्य की भूपेश सरकार एक नवम्बर से किसानो का पचीस सौ रुपय प्रति कोटल के दर से धान ख़रीदी करने जा रही है, जिले के 94 धान उपार्जन केंद्र में धान ख़रीदी को लेके कोई तैयारी दिखाई नहि दे रही है, वही सुसाईटि में कार्यरत सभी कर्मचारी विगत कई माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल में है ऐसे में धान ख़रीदी समय से कैसे होगा ये सोचने वाली बात है, वही पिछले साल के धान ख़रीदी की बात करे तो आज तक ज़िले के कई सुसाइटियों में आज भी धान का उठाव नहि किया गया है और नहि किसानो के धान के रख रखाव के लिए चबूतरा का निर्माण किया गया है, ऐसे में सरकार किसानो का धान ख़रीदी करने में विफल नज़र आ रही है पिछले साल राज्य के कांग्रेस सरकार द्वारा जो किसान भाइयों का धान 2500 रुपय प्रति कोंटल के दर से ख़रीदी किया गया था उसका आज परियंत तक एक किस्त का राशि बकाया है, वही भूपेश सरकार अन्य राज्य के चुनावी सभा में खोकले वादे करके किसानो को लुभाने में लगी है वही राज्य के किसानो की हाल किसी से छुपी नहि है इस वर्ष धान ख़रीदी की बात करे तो जिले में (106846) एक लाख छै हजार आठ सौ छियालीस किसान भाइयों का कुल (105711.694) हेक्टर में धान का पंजीयन दर्ज किया गया है, इस प्रकार (44.89) लाख कोंटल धान राज्य सरकार द्वारा जिले के किसानो से ख़रीदी किया जाना है जिसके लिए (1 करोड़ बारह लाख) बरदाने की आवश्यकता पड़ेगी ऐसे में पिछले साल की बात करे तो जो बारदना संकट किसान भाइयों को झेलना पड़ा था आज वह संकट किसानो कर ऊपर फिर से आने वाला है, आपको बता दे की जिले के किसान भाइयों द्वारा पिछले वर्ष धान ख़रीदी में लगभग 9-10 करोड़ स्वयं के बरदाने से धान सुसाइटियों तक पहुँचाया गया था इसके बदले राज्य सरकार ने किसानो को प्रति बारदाना 15 रुपय के दर से पैसा देने का वादा किया गया था जो आज तक उस बरदाने की राशि किसान भाइयों को प्राप्त नहि हुई है।

गुरूकुल के छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

कवर्धा। नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओं की राज्य स्तरीय सब जूनियर एवम् जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 19 नवम्बर 2021 शुक्रवार को पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के प्रांगण में आयोजित कराई गई जिनमें गुरूकुल पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओं ने सब जूनियर एवम् जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए 29 छात्र/छात्राएँ चयनित हुए। गुरूकुल पब्लिक स्कूल के 29 चयनित छात्र/छात्राओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राएँ अगले महीने गुजरात, विशाखापट्नम आंध्रप्रदेश में होने वाली सब जूनियर/जूनियर राष्ट्रीय स्तर की सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। यह उपलब्धि हमारे स्कूल के छात्र/छात्राओं को तलाश कर तराशने का भागीरथ प्रयास का ही प्रतिफल है। शाला के छात्र/छात्राएँ विगत वर्षो में भी राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में परचम लहराते रहें है। गुरूकुल के 29 छात्र/छात्राओं के चयन होने पर संस्था के अध्यक्ष महावीर चंद जैन , कोषाध्यक्ष संतोष बोथरा, सचिव अतुल देशलहरा, समस्त निदेशक गण, शाला प्राचार्य श्री वी.के.श्रीवास्तव जी, उप-प्राचार्या श्रीमति सोनाली पात्रा जी व क्रीड़ाध्यापक राजा जोशी एवम् समस्त विद्यालयीन परिवार बधाइयाँ देते हुए उज्वल भविष्य व सफलता की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

जिला महिला कांग्रेस को दीपावली मिलन सम्पन्न

कवर्धा। स्थानीय विश्राम गृह कवर्धा मे महिला कांग्रेस द्वारा गुरूवार को दोपहर 1बजें दीपावली मिलन तथा परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के महिला प्रभारी श्रीमती माया रानी ठाकुर, प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस प्रमुख रूप से उपस्थित थी। साथ ही साथ पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थी। उक्त उद्बोधन में श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि महिला कांग्रेस पार्टी के एक बहुत बड़ी रूप में फैली हुई है और हम सब जमीन स्तर तक काम करके सब मिलकर पार्टी द्वारा जो निर्देश दिया जाता है उसे पुरा करना हम सब की जिम्मेदारी होती है। छत्तीसगढ के योजनाओं को घर-घर और अधिक जानकारी पूर्वक पहुंचाना महिला कांग्रेस की लक्ष्य है। उसके बाद जिला प्रभारी माया रानी ठाकुर ने कहा कि बैठक एक परिचय सम्मेलन के साथ-साथ दीपावी मिलन पर मिलने आई है और आप सब कंधे से कंधे मिलाकर कार्य करें। ताकि हम आने वाले समय में अपने संगठन को और मजबूत करें। ताकि फिर इस बार कांग्रेस की सरकार बनें और हमारी सरकार जन कल्याण कारी योजनाओं का बहुत ही अच्छे तरिके से क्रियांन्वय रही है। जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रीमती गंगोत्री योगी ने कहा कि छत्तीसगढ की सरकार ममें हमारे मंत्री मो अकबर भाई के नेतृत्व पर हमारी जिला व प्रदेश पर योजनाओं का लाभ प्रदेश उन्नति की ओर अग्रसर है जैसे ही हमारी भूपेश सरकार व स्थानिय विधायक कंधे से कंधे मिलकर हमारी महिलाओं के लिए खासकर योजनाएं बनाकर संचालित हो रही है। जिसमें नरवा, गरूवा, बारी योजना सफल साबित हो रहा है। उक्त कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ महिलाओं को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती सीमा अंनत ने किया साथ इस दौरान महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव लता वैष्णव, शकीला खान जी श्वेता पाठक जीशेख अनबरी प्रदेश सचिव सावित्री साहू, पर्वती सोनी, पुष्पा गुप्ता, विमला ध्रुर्वे, निर्मला, श्रीमती सविता ठाकुर, सेवती साहू, अनिता नेताम, तारनी ठाकुर ललिता खेर, लक्ष्मी सत्यवंशी, मीडिया प्रभारी रोशनी खान वर्षा रानी ठाकुर, विद्या साहू, मंजू शरण बंगाली, रानी यादव आरती योगी, चंद्रिका, त्रिवेणी चंद्रवंशी सहित कार्यकर्ता गण बडी संख्या में उपस्थित थे।

कार्तिक पूर्णिमा मुनीचुआं और पहाड़ियों के बीच मेले का किया गया आयोजन

- सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था रहता है अन्य मदिर , चारो तरफहरे भरे वृक्ष व पहाड़ी लोगो के आकर्षण का केंद्र बिंदु बना

भटगाव। बिलाईगढ़ से महज 17 किलोमीटर की दूरी में स्थित मुनिचुआं जो वनवानचल क्षेत्र हैं। जहाँ चारों तरफ हरे भरे वृक्ष व पहाडियाँ से अछादित होने मनमोहक है। जो चारो तरफ जंगलों के बीच स्थित है। मेन रोड से लगभग 3 से 4 कि. मीटर टेढ़ी-मेढ़ी ऊपर ऊपर खबर पगडंडी से होकर दर्शन स्थल तक पहुंचा जाता है । जहां एक कुंड में गंगा मईया का उदगम हुआ है. बताया जाता है इसी कुंड से उद्गम हुई जल से चर्म रोग जैसे कई बीमारियां दुर होते है। ऐसी मान्यता होने के कारण आसपास के लोग कार्तिक पूर्णिमा के ही दिन गंगा मईया (कुड के जल) की दर्शन कर जल लेने पहुँचते है. इसीलिए कार्तिक पूर्णिमा के ही दिन मुनिचुआं में एक दिन का भव्य मेले का आयोजन रखा जाता है। वहीं गंगा मईया के साथ-साथ अन्य मंदिर हैं। के पास भजन किरतन कीर्तन मंडली भजन कीर्तन करते नजर आएंगे. थोड़ी दूर पहाडी चढने पर काली मां और शिवजी की मंदिर स्थापित हैं। काली मां की देवीमूर्ति पर श्रद्धालु अपनी श्रद्धा से मन्नत मांगते सिक्के को चिपकाते है। जिन श्रद्धालुओं की सिक्के चिपकते हैं वह मनोकामना पूर्ण होती है ऐसी मान्यता है। इसी काली माता मंदिर से थोड़ी दुर में एक और मंदिर सिध्द बाबा का वहा भी भक्तों का दर्शन करने के लिए लाईन लगे रहे। मेलें में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भोजन खिलाया जाता है। खीर का प्रसाद दिया जाता है।

इधर मेलें में सुरक्षा के लिहाज स्वास्थ्य विभाग की टीम और पुलिस व्यवस्था भी काफी चाक चौबंद रखा गया है तांकि दर्शनार्थियों को आने जाने में कोई परेशानी न हो।

> इस मुनिचुआ क्षेत्र में रामायण काल में इस मार्ग से भगवान गुजरे थे यहां उद्गम स्थल के पानी से चर्म रोग दूर होता है।
>
> **ओंकारेश्वर शरण सिंह** , - राजमहल बिलाईगढ-
>
> मुनिचुआ पुराने समय से, तीर्थ स्थल है यहां गुप्त गंगा का उद्गम है जो बहुत गहरा है कार्तिक पूर्णिमा के दिन यहां आस-पास क्षेत्र के लोग आते हैं और सभी दर्शनार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था रहता है
>
> **धनसीर,** पुर्व उपसरपंच
>
> कार्यपालक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल मुख्य मार्ग से लेकर मेला स्थल तक दो पहिया वाहन के लिए अलग, चार पहिया वाहन के लिए अलग, मेला स्थल के लिए अलग महिला पुलिस के साथ पुलिस बल व्यवस्था की ड्यूटी लगाएं गये हैं। ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।
>
> – **संजय तिवारी,** (एस डीओपी बिलाईगढ़)

वनांचल के पहाड़ी मानपुर में आदिवासी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक दलेश्वर साहू

गंडई पंडरिया। शुक्रवार को वनांचल के ग्राम पंचायत पहाड़ी मानपुर में आदिवासी समाज के द्वारा आयोजित गौरी-गौरा पूजा तथा मंडई के कार्यक्रम में डोंगरगांव के विधायक और पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।आदिवासी समाज द्वारा यह आयोजन हर वर्ष किया जाता हैं।कार्यक्रम को सबसे पहले क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य ममता राजेश पाल ने सम्बोधित करते हुए,अपने वनांचल क्षेत्र के सिंचाई संबंधित समस्या से मुख्य अतिथि को अवगत कराया।तथा पहाड़ी मानपुर में आदिवासी समाज के लिए रंगमंच की मांग मुख्य अतिथि से की। इसके पश्चात सभा को पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया,और छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का बखान किया।इसके बाद मुख्य अतिथि ने श्री दलेश्वर साहू ने कार्यक्रम को संम्बोधित किया और इस आयोजन के लिए आदिवासी समाज को बधाई दी।तथा जिला पंचायत सदस्य की मांग पर पहाड़ी मानपुर में आदिवासी समाज के लिए पांच लाख के रंगमंच की घोषणा की। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल,जिला पंचायत सदस्य ममता राजेश पाल, देवेन्द्र शाह खुसरो, रोहित पुलस्य, ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, योगेश जंघेल, विजय वर्मा, पार्षद दिलीप ओगरे, सूरज नामदेव, हबीब खान, सुल्तान खान, कामदेव जंघेल, राजेश पाल, सरपंच पिरित ईश्वर यादव, मीडिया प्रभारी अमित टंडन, राधामोहन वैष्णव, कुम्भलाल धुर्वे, शेर सिंह मेरावी, मनहरण साहू, गोवर्धन मेरावी, प्रेमलाल साहू, गंगू मेरावी, शुभम शर्मा, गोकर्ण देवांगन, विक्की टंडन, करन सोनवानी, घूरेलाल नागवंशी, देवलाल पुलस्य, रामप्रसाद मेरावी, दिनेश पाल, मिलऊं मेरावी, ईश्वर यादव आदि उपस्थित रहे।

रेजांगला युद्ध में शहीद 114 अहीर वीरों को स्मरण में अहीर शौर्य दिवस मनाया गया

बेमेतरा। बेमेतरा जिला के बेरला में स्थित यादव भवन में सन 1962 रेजांगला युद्ध में शहीद हुए 114 अहीर वीरों को याद व नमन कर शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया।1962 रेजांगला युद्ध 13 कुमाऊं के 120 जवानों ने चीन के 13 सौ के करीब सैनिक मार गिराए लेकिन विशाल सेना के सामने वे कब तक टिकते। उनमें से 114 अहीर सैनिक मातृभूमि की रक्षा के प्रति खुद को कुर्बान कर दिया, 6 जिंदा बचे थे जिसे चीनी सैनिक युद्ध बंदी बनाकर ले गए थे लेकिन सभी चमत्कारिक रूप से बचकर निकल गए। बाद में इस सैन्य टुकड़ी को पांच वीर चक्र और चार सेना पदक से सम्मानित किया गया था। शौर्य दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत बेरला के सभापति प्रमोद गौसेवक, सभापति राजेश दूबे, झेरिया यादव समाज युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम यादव, झेरिया यादव समाज के ब्लॉक अध्यक्ष हरिचंद यादव, झेरिया यादव महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष कुंती यादव, झेरिया यादव नगर सचिव अमलेश यादव, झेरिया यादव नगर कोषाध्यक्ष प्रेमलाल यादव, लोकनाथ यादव, हुतेन्द्र यादव आदि सम्मानित झेरिया यादव बंधुगण मौजूद रहें।

धूमधाम से मनाया गया गुरु गोविंद सिंह जी का 552 वां प्रकाश पर्व

गरियाबंद। सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव सिंह जी का प्रकाश पर्व शहर के गुरुद्वारे में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में दीवान सजा और रागी जत्थे ने मौजूद संगत को निहाल किया। सुबह से ही गुरुद्वारे में भक्तों का आना शुरू हो गया। पूरे दिन गुरुद्वारे में लंगर चला जिसमें पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिसर में सुबह से ही महिलाओं ने कीर्तन-भजन के साथ कोरोना से पूरे विश्व को उबारने की प्रार्थना की गई। दिनभर गुरु का लंगर छकने का दौर चलता रहा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सूरजीत सिंह कुकरेजा ने कहा कि प्रकाश पर्व गुरु नानक जी के जन्म की खुशी में मनाया जाता हैं। सिक्खों के प्रथम गुरु नानक देव जी का जन्म 15 अप्रैल 1469 को राय भोई की तलवंडी (राय भोई दी तलवंडी) नाम की जगह पर हुआ था, जो अब पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित ननकाना साहिब में है। इस जगह का नाम ही गुरु नानक देव जी के नाम पर पड़ा। श्रीराम माखीजा ने कहा कि गुरु नानक जी ने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा में लगा दिया। उन्होंने सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि अफगानिस्तान, ईरान और अरब देशों में भी जाकर उपदेश दिए। गुरु नानक जी सिख समुदाय के संस्थापक और पहले गुरु थे। इन्होंने ही सिख समाज की नींव रखी। इनके अनुयायी इन्हें नानक देव जी, बाबा नानक और नानकशाह कहकर पुकारते हैं। बलदेव सिंह हूँदल ने कहा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुनानक देव की जयंती पर गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से लंगर का कार्यक्रम रखा गाय है जिसमें हज़ारों लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे इस साथ ही कीर्तन किया जाएगा..

इस कार्यक्रम दौरान गुरुद्वारा के मुखीया श्री राम माखज़ि बलदेव सिंह हूँदल, अध्यक्ष सूरजीत सिंह कूकरेज़ा रमन कुकरेजा सुनील रोहरा विकास रोहरा अजय रोहरा रवी रोहरा सौरभ देवाँगन हरमेश चौवड़ा केशु सिन्हा अमित ठक्कर आशीष ठक्कर प्रकाश शरवैय्या वंश चावड़ा श्रीमती परमजीत कौर कुकरेजा, नरेंद्र कौर कुकरेजा इंद्रप्रीत कौर कुकरेजा इसप्रीत सरबजीत कौर कुकरेजा दलविंदर कौर कुकरेजा माधवी सरवैय्या रोमा सरवैय्या आशा रोहरा आरती रोहरा रानी हूँदल दलवींदर कौर रेणु राठौर महक दासवानी सपना रोहरा भूमिका रोहरा गुरुनूर कुकरेजा जैसलीन कूकेरजा तमाम श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गुरुद्वारे परिसर में पूजा की।

किसानों की जीत

राजनांदगांव। तीन कृषि कानून के वापसी की घोषणा पश्चात राजनंदगांव जनपद के कृषि सभापति ओम प्रकाश साहू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह किसानों के जीत है। इस पर खुशी जताते हुए ओम प्रकाश साहू ने कहा कि कृषि कानून वापसी से किसानों को फायदा मिलेगा, मोदी सरकार को आखिरकार किसानों के सामने झुकना पड़ा। ओम प्रकाश साहू ने सभी किसानों को बधाई देते हुवे कहा की यह किसानों की जीत है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छग देश का सबसे ...

इसी आधार पर राज्यों एवं शहरों की रैंकिंग जारी कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों तथा शहरों को पुरस्कृत किया जाता है।

नई दिल्ली में पुरस्कार ग्रहण करने मुख्यमंत्री के साथ ही शहरी विकास मंत्री शिव कुमार डहरिया, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी., आवासीय आयुक्त सुश्री एम गीता, स्वच्छ भारत मिशन के डायरेक्टर सौमिल रंजन चौबे आदि समारोह में उपस्थित रहे।

नक्सलियों ने ब्लास्ट ...

छत्तीसगढ़, उड़ीसा और बंगाल में पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हाईवे और रेल मार्गो पर विशेष नजर रखी जा रही है। बता दें कि, बीते 12 नवंबर को झारखंड पुलिस ने भाकपा माओवादी संगठन के शीर्ष नेता प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शीला मरांडी सहित छह नक्सलियों को जमशेदपुर के पास कांड्राटोल ब्रिज से गिरफ्तार किया था। पुलिस इन नक्सलियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

शीतकालीन सत्र के ...

को वापस लेने की मांग के लिए उसका आंदोलन जारी रहेगा.

किसान केंद्र पर भरोसा नहीं कर सकते : टिकरी बॉर्डर पर एक और किसान नेता तथा एसकेएम की सदस्य सुदेश गोयत ने कहा कि किसान कृषि कानूनों पर केंद्र पर भरोसा नहीं कर सकते, क्योंकि पहले भी उन्होंने एक रैंक-एक पेंशन देने की घोषणा की थी लेकिन अभी तक नहीं दी. उन्होंने कहा कि इसलिए हमने तय किया है कि संसद में इन कानूनों के औपचारिक रूप से वापस लिए जाने तक हम ये जगह नहीं छोड़ेंगे। आंदोलन को एक साल पूरा होने के मौके पर 26 नवंबर को दिल्ली की सीमाओं पर किसानों की आमद जारी रहेगी. गोयत ने भी कहा कि अभी तक ट्रैक्टर मार्च को रद्द करने का कोई फैसला नहीं हुआ है.

सिद्धू ने इमरान को...

आरोप लगाते रहे हैं कि सिद्धू के इमरान और बाजवा से करीबी रिश्ते हैं।

17 आईपीएस को मिला ...

उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) बना दिया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गईं 2008 बैच की आईपीएस नीथू कमल को भी प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। इसका मतलब यह हुआ है कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने पर उन्हें पद दिया जाएगा, लेकिन वेतन वृद्धि लागू हो जाएगी।

पांच अफसरों का ग्रेड बढ़ाया गया : 2008 बैच के पांच आईपीएस अफसरों का वेतन ग्रेड बढ़ाया गया है। 13 साल की सर्विस पूरा करने पर ऐसा किया गया है। इसमें गरियाबंद एसपी पारुल माथुर, रायपुर एसपी प्रशांत अग्रवाल, पुलिस मुख्यालय में एआईजी मिलना कुर्रे, बीजापुर एसपी कमलोचन कश्यप, बिलासपुर स्थित सीएएफ की 2सरी बटालियन के सेनानी केएल ध्रुव का नाम शामिल है।

पंच की हत्या कर...

के आदमी हैं। आज तक गांव में हमारी एक भी शिकायत नहीं है। 33 लाख रुपए में जमीन बेची थी। बाबू जी का अंगूठा भी लगवा लिया। आरोपी सोहित कुमार केवट ने बताया कि पंच भागवत साहू ने उनकी जमीन को किसी के पास फंसा दिया है। उस व्यक्ति ने इनके परिवार की जमीन पर घर भी बना लिया है, मगर इन्हें पैसे नहीं मिले। बार-बार पंच भागवत साहू के चक्कर काट कर इनका परिवार परेशान था। इसकी वजह से इन लोगों ने पंच भागवत साहू की हत्या करने का फैसला किया और आज दोपहर धारदार हथियार से दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। टीआई रविंद्र अनंत ने बताया कि तुस्मा गांव के पंच भागवत साहू की रक्तरंजित लाश मिली है। दो युवकों सहित कुमार केंवट और सुनील कुमार केंवट ने जमीन विवाद की वजह से वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी गांव के पानी टंकी में चढ़ गए थे और मीडिया के आने के बाद ही नीचे उतरने की जिद कर रहे थे। मीडिया के सामने ही उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया है। बताया जा रहा है कि भागवत साहू वार्ड 17 का पंच था और जमीन दलाली का भी काम करता था। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

पेट्रोल-डीजल का वैट...

कार्यकर्ता जमीन पर लेट भी गए। घड़ी चौक में एक घंटे के चक्का जाम के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प रही। बाद में पुलिस ने टाउनहाल को अस्थाई जेल बनाकर वहां बीजेपी कार्यकर्ताओं को रखा और यातायात व्यवस्था बहाल कराया। केंद्र सरकार ने दिवाली के दिन पेट्रोल पर 5 और डीजल पर 10 रुपए की वैट कटौती की थी। इसके बाद भाजपा शासित राज्यों के साथ कुछ गैरभाजपा शासित राज्यों ने भी वैट में कटौती की है। इनमें कांग्रेस शासित राज्य पंजाब व राजस्थान भी शामिल हैं, लेकिन अब तक छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार ने निर्णय नहीं लिया है। हालांकि सरकार की तरफ से संकेत दिए हैं। 22 नवंबर को भूपेश सरकार कैबिनेट की बैठक करने जा रही है। चर्चा है कि इस बैठक के बाद वैट में कटौती करने पर फैसला हो सकता है। प्रदेश के वाणिज्यिक कर मंत्री टीएस सिंह देव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इसे लेकर एक प्रस्ताव भी भेजा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि इसे लेकर फैसला कैबिनेट में होगा। मतलब एक तरह से छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-डीजल के वैट कटौती में लेट हो रही है।

वैट कटौती तक चलेगा आंदोलन : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि भाजपा यही रुकने वाली नहीं है। इसके बाद सीमेंट, रेत और दूसरी चीजों में बढ़ी महंगाई के विरोध में पूरे प्रदेश में इसी तरह के विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। हत तब तक आंदोलन करेंगे जब तक प्रदेश की सरकार वैट पर कटौती नहीं कर देती।

महंगाई पर थोड़ी राहत मिलेगी : बृजमोहन

इस मौके पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि देश के कई राज्य हैं जहां पर भाजपा की सरकार ने अपने हिस्से का वैट कम किया है। अब उन राज्यों में 84 से 89 रुपए की कीमत पर पेट्रोल मिल रहा। रायपुर में केंद्र सरकार के टैक्स कम करने की वजह 101 रुपए प्रति लीटर पर पेट्रोल मिल रहा है जो पहले 107 रुपए पर मिल रहा था। प्रदेश सरकार यदि अपने हिस्से का वैट कम करती है तो और भी सस्ता पेट्रोल लोगों को मिलेगा और महंगाई पर थोड़ी राहत भी मिलेगी।

नांदगांव, बिलासपुर ...

नारेबाजी की। कहा कि राज्य तानाशाही रवैया छोड़े। बीजेपी नेताओं ने सीमेंट के भी दाम कम करने की मांग रखी।

राजनांदगांव : शहर के बाद भाजपा ने ग्राम जोराताल में भी रास्ता जाम कर दिया। लोहारा रोड पर जाम ने रूट को बाधित किया। इसके कारण कवर्धा-जबलपुर हाइवे बंद रहा। वाहनों और ट्रकों की लाइन लग गई। भाजपा नेताओं ने करीब 2 घंटे तक इस मार्ग को बंद रखा।

सूरजपुर : सूरजपुर में दो घंटे तक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े समेत कई नेता शामिल रहे।

बेमेतरा : भाजयुमो द्वारा कार एवं मोटर साइकल को धक्का मारकर विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा ने कहा भूपेश सरकार महंगाई को लेकर नौटंकी करने पर उतारू है। जबकि छत्तीसगढ़ में पेट्रोल और डीजल में 25 परसेंट वैट लागू है जिसे सरकार चाहे तो हटा सकती है लेकिन हटाती नहीं हैं, बल्कि सीमेंट की कीमतों में भी बेतहाशा मूल्य वृद्धि कर आम जनता का बुरा हाल कर दिया है।

यूको बैंक UCO BANK Honours Your Trust
शाखा : इंदिरा पैलेस सिविक सेन्टर, भिलाई - 490006 (छ.ग.)
फोन : 0788-2261585, ई-मेल : civicc@ucobank.co.in

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यूको बैंक, शाखा- सिविक सेंटर, भिलाई (छ.ग.) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर एवं बंधककर्ता का नाम	अचल संपत्ति का विवरण/ कब्जा के प्रकार	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि	मांग सूचना तिथि को बकाया राशि
1.	मेसर्स रतन बिल्डकॉन पार्टनर्स- मंजीत सिंह निरंकारी एवं मृणाल निरंकारी	प्लॉट नं. 16 व 17, ब्लॉक नं. 07, वाईल्ड फायर होटल के पीछे, विजय कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 26 (पुराना), नया 22, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित आवासीय भवन व भूमि । भूमि की चौहद्दीः उत्तर- भूखण्ड सं. 16, दक्षिण- भूखण्ड सं. 18, पूर्व- सड़क, पश्चिम- भूखण्ड सं. 02. सांकेतिक कब्जा.	21.05.2021 / 17.11.2021	₹ 44,45,574.43 + ब्याज देय एवं अन्य खर्चा।
2.	श्री जी.एन. राव	सर्वे नं. 171/12, मौजा- छावनी, वार्ड नं. 22, लिंक रोड, कैम्प-2, भिलाई, जिला- दुर्ग में स्थित आवासीय भवन । भूमि की चौहद्दीः उत्तर- सड़क, दक्षिण- गली फिर चंदन की संपत्ति, पूर्व- श्री कोन्टे की संपत्ति, पश्चिम- श्री गुप्ता की संपत्ति । सांकेतिक कब्जा.	15.07.2021 / 17.11.2021	₹ 7,42,960.01 + ब्याज देय एवं अन्य खर्चा।
3.	मेसर्स रुच्या इन्फ्राटेक प्रोप. श्री सुप्रभात मिश्रा	खसरा नं. 6161, प.ह.नं. 14/19, प्लॉट नं. 73 (नया नं. 830), गली नं. 13, वार्ड नं. 11, मौजा- कोहका, शांति नगर के अंदर, जिला- दुर्ग में स्थित आवासीय भवन । भूमि की चौहद्दीः उत्तर- प्लॉट- 74 (नया नं. 831), दक्षिण- आम मार्ग, पूर्व- आर बीसे सिंह (5 फिट गली), पश्चिम- 15 फीट चौड़ी सड़क । सांकेतिक कब्जा.	15.07.2021 / 17.11.2021	₹ 16,58,522.76 + ब्याज देय एवं अन्य खर्चा।
4.	मेसर्स फेन्ड्स ट्रैवल्स एण्ड एसोसिएट्स प्रोप. श्री रुपेश कुमार राठौर	प्लॉट नं. 07, ब्लॉक नं. 08, क्षेत्रफल- 435 वर्गफीट, मौजा- दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई, जिला- दुर्ग में स्थित वाणिज्यिक दुकान । भूमि की चौहद्दीः उत्तर- सड़क, दक्षिण- सड़क, पूर्व- प्लॉट नं. 06, पश्चिम- प्लॉट नं. 08. सांकेतिक कब्जा.	15.07.2021 / 17.11.2021	₹ 15,86,348.75 + ब्याज देय एवं अन्य खर्चा।

दिनांकः 20.11.2021 स्थान- भिलाई (छ.ग.) मुख्य प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक – चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

स्वच्छ शहर में नगर पालिका ने मारी बाजी

कवर्धा/नवप्रदेश। दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार में नगर पालिका कवर्धा ने बाजी मार लिया है पूरे छत्तीसगढ़ में 50 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरो में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम पुरस्कार लेने के पश्चात बताया कि कैबिनेट मंत्री मो.अकबर भाई के कुशल नेतृत्व व उनके मार्गदर्शन में हमने नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र में स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य किये है जिसका फलस्वरूप आज यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर मिला है हमारे कवर्धावासियों ने स्वच्छता के क्षेत्र में नगर पालिका परिषद कवर्धा का गौरव बढ़ाते हुए पूरे भारत में नाम रौशन किया है। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, मुख्य नगर पालिका नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे ने छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों सम्मान प्राप्त किया।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पंचकोशी धाम में भव्य मेले का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पंचकोशी धाम की पवित्र नगरी ग्राम कोपरा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कार्तिक पुन्नी मेला का भव्य आयोजन हुआ। इससे पहले सुबह से कार्तिक पूर्णिमा को पैरी नदी किनारे पिकनिक मनाया गया। हर वर्ग के लोग पिकनिक बनाने नदी किनारे में डेरा डाले हुए थे। ग्राम कोपरा के भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव घाट पर मेला लगाया गया। कार्तिक पूर्णिमा को भगवान कोपेश्वर नाथ के दर्शन के लिए बड़े संख्या में श्रद्धालुओं का यहां तांता लगता है। भगवान कोपेश्वर नाथ के दर्शन पश्चात श्रद्धालु अपने परिवार के साथ मेला में पहुँच आनंद लिए। उल्लेखनीय है कि जिले के ग्राम कोपरा में हर साल कार्तिक पूर्णिमा को भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव घाट में मेला आयोजित होता है जिसमे स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के ग्रामीण मेला में शामिल होने पहुँचते है। मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा को भगवान कोपेश्वर नाथ के दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं के सारे कष्ट दूर होते है। वहीं मेला को लेकर सभी मे उत्साह रहता है।

एसडीओपी ने सुहेला थाने का किया निरीक्षण, टीआई को दिए निर्देश

भाटापारा/नवप्रदेश। सुहेला थाना क्षेत्रों के अपराध,मर्ग शिकायत का जल्द से जल्द निराकरण करने का सुहेला थाना प्रभारी ओ पी त्रिपाठी को निर्देश देते हुए एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल ने थाना सुहेला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना का निरीक्षण भी किया। एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल ने अपने सुहेला थाना निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ओपी त्रिपाठी एवम अन्य पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन कराने, बाढ़ के दौरान सतर्क दृष्टि बनाए रखने व ग्राम प्रहरियों की सहायता से अपने क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी श्री बघेल ने आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी बैरक, मालखाना, मालखाना रजिस्टर, हवालात, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कार्यालय व महिला हेल्प डेस्क का जायजा लिया। कार्यालय में अपराध, त्योहार, आगंतुक समेत अन्य रजिस्टरों की जांच कर उसे अद्यतन करने का निर्देश दिया साथ ही फरियादियों के आवेदन और शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश दिए। वही उन्होंने आगन्तुको फरियादियों की बातों शिकायतों को शालीनता से सुनने और उसका तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया।

चाइल्ड पोर्नोग्रापी के मामले में पुलिस ने 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रतिबंधित साइट में जाकर महिलाओ बच्चो की तस्वीर शेयर करने के मामले में मिली शिकायत के बाद करही बाजार पुलिस ने इस मामले में 1 युवक को 67 बी आई टी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 मोबाइल भी जब्त किया है।उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए करही बाजार पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हितेश जंघेल ने बताया किवरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर *निरीक्षक विजय चौधरी थाना प्रभारी थाना सिटी कोतवाली* के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी करहीबाजार उप निरीक्षक हितेश जंघेल द्वारा टीम बनाकर चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र. 281/2021 धारा 67बी IT एक्ट के *आरोपी मुकेश वर्मा पिता पुनाराम वर्मा उम्र 24 वर्ष, पता ग्राम खैरा चौकी करहीबाजार* को को गिरफ्तार किया गया है।

काले कानून की वापसी, किसानों के संघर्ष की जीत : वासनिक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। तीनों काले कृषि कानूनों की वापसी के ऐलान के बाद राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे किसान और किसान संघर्ष की जीत बताया।

श्री वासनिक ने कहा कि, तीनों काले कृषि कानून के विरोध में देशभर के किसानों के द्वारा किये गए लगातार संघर्ष और किसानों की लगातार बढ़ती नाराजगी ने मोदी सरकार को आखिरकर घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। अंततः मोदी सरकार को अपना तुगलकी फरमान वापस लेना पड़ा। श्री वासनिक ने जिले और प्रदेश सहित देशभर के करोड़ों किसानों को बधाई देते हुए कहा किए किसानों के हित के लिए लड़ी गई इस लंबी लड़ाई में आखिरकर जीत किसानों की हुई। जब से मोदी सरकार ने इस काले कृषि कानूनों को देश में लागू करने की सोची थी। तब से ही देशभर के किसान इसका जमकर विरोध कर रहे थे। यहां तक किसान सड़कों पर उतर आए थे। भूख हड़ताल की, आमरण अनशन किया। महीनों तक लंबी लड़ाईयां लड़ी। कई किसान भाईयों की इस आंदोलन में जान भी चली गई, क्या मोदी सरकार उन किसानों की जान वापस लौटा सकती है। जब इस काले अध्याय को खत्म करना ही था तो इतनी नौटंकी किसलिए की। इनकी इस नौटंकी ने कई किसान भाईयों की जान ले ली। तीनों ही काले कृषि कानूनों के लागू हो जाने से देशभर के किसानों का सिर्फ अहित ही होता। इस कानून के लागू होने से किसानों की मेहनत का कुछ प्रतिशत ही किसानों को मिल पाता, बाकि सारी मलाई निजी क्षेत्र की कम्पनियां और उधोगपति खा जाते। इस तरह से किसान मालिक न होकर सिर्फ मेहनतकश मजदूर ही रह जाते और इनकी आड़ में बिचौलियों और व्यापारियों की चाँदी हो जाती। इसलिए भी यह कृषि कानून देश मे लागू करना न्यायसंगत नहीं था। तीनों ही काले कृषि कानूनों के वापसी पर श्री वासनिक ने हर्ष जताते हुए इसे किसानों की जीत बताया।

श्री वासनिक ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनता की नहीं सत्ता की चिंता सता रही है। उत्तर प्रदेश चुनाव में हार के डर से मोदी ने काले कृषि कानून वापस लेने का ऐलान किया है। किसान भाई सच्चाई को जानते है कि मोदी को किसानों से कोई सहानुभूति नहीं है, उन्होंने चुप्पी साधे रखा, जब किसानों को आतंकवादी कहा गया, पाकिस्तान की एजेंट कहा गया, नक्सली होने का आरोप लगाया गया। किसान आंदोलन को एक साल पुरा हो रहा है, किसानों की संयम, एकता एवं धीरज का परिणाम है कि मोदी अपने ही जाल में फंस गये है। अभी एमएसपी तथा अन्य मुद्दे पर मोदी सरकार को झुकाना शेष है, यदि मोदी को जनता या किसानों की चिंता होती सहानुभूति होती तो यह कानून बनाया ही नहीं जाता। यह कानून ही गैर संवैधानिक तरीके से बनाया गया है, जिस पर संसद में ना लोकसभा में चर्चा हुई और ना ही राज्यसभा में चर्चा होने दिया गया। संसद के इतिहास के काले दिन को नहीं भूला जाएगा, जब इन कानूनों पर विपक्षी दलों द्वारा मतदान की मांग को उपाध्यक्ष ने अनदेखा कर सरकार के अधिनियम को पारित घोषित कर दिया था। आखिरकार किसानों ने भाजपा और मोदी को यदि खाया की संप्रभुता जनता के पास सुरक्षित है।

श्री वासनिक ने कहा कि अपनी हार को सहिष्णुता का नाम देना कट्टरपंथियों का दोगलापन है, और इस दुबलेपन का जवाब आने वाले चुनाव में देना होगा। मोदी ने अभी भी माफी कानून के लिए नहीं मांगी है। कानून को समझा नहीं पाने की माफी मांगी है, यदि सरकार ने 20 रन के बैठकों के बाद भी किसानों के नेताओं को अपनी बात समझा पाने में सफलता प्राप्त नहीं की इसका मतलब यह है कि इन कानूनों में किसानों के लिए कोई राहत कोई उन्नति की योजना नहीं थी। किसान भाई भली-भांति इस बात को जानते हैं कि मोदी किसान नहीं है, इसलिए किसानों की दर्द को समझ भी नहीं सकते। यही कारण है कि ऐसे काले कानूनों को संसद से पारित होने दिया गया।

धरती के भगवान किसान की हुई जीत : साहू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने तीन काला कानून के वापस लेने का निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि किसानों के सामने मोदी सरकार को अंतः झुकना पड़ा, जो पहले तीन कृषि कानून बील को लागु करने के लिए किसानों के आंदोलन को खालिस्तान, परजीवी, आंतकवादी, अंदोलनजीवी क्या-क्या नहीं बोला और आज नरेन्द्र मोदी के हटघरिता के कारण लगभग 700 किसानों की शहादत हो गये, तब कहीं नरेन्द्र मोदी अपने कृषि कानून को वापसी लेने को राजी हुए और देश के किसानों को माफी मांग रहे हे। ये धरती किसानों का है, किसान अपनी कड़ी मेहनत से फसल उगा करके चिटी से लेकर हाथी तक के जीव को भोजन उपलब्ध कराती है।

सड़क निर्माण की धीमी गति से लोग परेशान

सिकोसा/नवप्रदेश। पीएम सड़क योजना से ग्राम सिकोसा से कलंगपुर तक 8 किलोमीटर तक सड़क निर्माण का कार्य को शुरू हुए एक वर्ष हो चुका है लेकिन कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण की धीमी गति से राहगीर, किसान, व्यापारी सभी परेशान हैं।

ग्राम पंचायत चरभाठा के सरपंच संजय चंद्राकर ने बताया कि सड़क मे सिकोसा से पिनकापार के मध्य में सड़क को खोदकर बिना मुरूम डाले ऐसे ही छोड़ दिया गया है जिससे कि आवागमन के लिए बहुत परेशानी हो रही है तथा दुर्घटनाएं भी हो रही है।कुछ दूर तक ही गिट्टी डाली गई है। सरपंच ने बताया कि ठेकेदार सिंघानिया बिल्डर्स तथा उनके सुपरवाइजरो से बात करने पर कार्य जल्द ही शुरू कर देंगे कहकर बातों को अनसुना कर देते हैं।

पिनकापार एवं चारभाठा के ग्रामीण जन किशोर ठाकुर, मनोज चंद्राकर, नरसिंह चंद्राकर, रामाधार साहू, संजय कौशिक, यादराम ठाकुर सुरेश साहू, चुरामन साहू, डालेशवर साहू अशोक साहू ने बताया कि मार्गो पर उड़ रही धूल से सड़क किनारे से लगी सरकारी तालाब जो कि ग्रामीणों की निस्तारी का प्रमुख साधन है वह दूषित हो रही है। क्योंकि सड़कों पर गिट्टी डाली गई है और इसमें पानी का छिड़काव नहीं किया जाता ।जिस वजह से धूल उड़ती है जिससे कि निस्तारित तालाब प्रदूषित हो रहा है जो कि चिंता का विषय है। 1 दिसंबर से धान खरीदी शुरू होना है और पिनकापार में धान खरीदी केंद्र है, ट्रैक्टर के माध्यम से धान को सोसाइटी तक ले जाने में भी बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सड़क पर बिखरी गिट्टियां समस्या का सबब बनी हुई है। धीमी गति से हो रही सड़क निर्माण का कार्य जिसके कारण दोपहिया और चौपहिया वाहनों का सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है।

बच्चों, युवा वर्ग की एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन पर पुलिस एवं जनता के बीच मधुर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से कम्युनिटी पुलिसंग अंतर्गत ग्राम गोठियाटोला, बागरेकशा और पुलिस थाना बोरतलाव द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित करते हुए आम जनता एवं पुलिस के बीच मधुर संबंध बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र के अति संवेदनशील दूरस्थ गोठियाटोला ग्राम-बागरेकशा में एक दिवसीय पुरूष कबड्डी खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन कबड्डी समिति के प्रमुख प्रकाश मंडावी, राजेंद्र मंडावी, अक्षय कुमार, रतन तुलावे, दुलीचंद कमर आदि ओर सभी ग्राम प्रमुख सहित सभी युवावर्ग और ग्रामीणों को प्रोत्साहित और आवश्यक सहयोग प्रदाय करते हुए कराया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 18 नवंबर 2021 को स्थानीय पुलिस थाना बोरतलाव, जन प्रतिनिधियों, ग्रामीणों द्वारा शुभारंभ कर खेल प्रारंभ हुआ, जिसमें वृहद रूप से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के करीबन 40 से ज्यादा बच्चों, युवाओं की टीमों ने भाग लिया एवं अच्छे खेल और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया गया। लागातार हुए मैच के उपरांत कबड्डी मैच का फाइनल मैच 19 नवंबर 2021 को अंतिम चरण फाईनल में पहुंची मां बम्लेश्वरी क्लब पीटेपानी एवं गोंडवाना क्लब डोंगरगढ़ के मध्य हुआ, जिसमें एक रोमांचक मुकाबले में गोंडवाना क्लब डोंगरगढ़ की टीम विजय रही। दूसरे स्थान पर पीटेपानी की टीम रही।

समापन अवसर के दौरान थाना प्रभारी अब्दुल समीर द्वारा बताया गया कि सीमित संसाधनों के बावजूद एक दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ऐसे खेल आयोजनों का होना एवं यहां लोगों का उत्साह के साथ प्रतिस्पर्धा में शामिल होकर सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना ही इस इस खेल आयोजन को सफल और महत्वपूर्ण बनाता है, जिसमें बेहतरीन खेल भावना का प्रदर्शन किया गया। पुलिस विभाग के सामुदायिक पुलिसिंग अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन पर आयोजित इस दुरस्थ ग्राम गोठियाटोला बागरेकसा में इस कबड्डी खेल के आयोजन को सफल बनाने के लिये क्षेत्र के ग्रामवासियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जो काफी सराहनीय है। जहां खिलाड़ी अपनी खेल भावना का प्रदर्शन करने व विजयी लक्ष पाने पूरी जी-जान लगा देते हैं, वहीं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये दर्शकों की उपस्थित भी अनिवार्य हैए जो पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

साथ ही इस मंच के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, यातायात नियमों का पालन करने, कोविड़ प्रोटोकाल का पालन करने और टीकाकरण कराने और पुलिस मित्र, सामुदायिक पुलिसिंग आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई व अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा आयोजन के संबंध में खिलाड़ियों को अच्छे खेल का प्रदर्शन करने और आयोजन समिति को सफल संचालन के लिये बधाई दी गई।

अंत में प्रथम पुरस्कार नगद 7001 रूपये राशि (पुलिस विभाग द्वारा प्रदत्त), विनिंग कप और कई अन्य ढेर सारे अन्य ईनाम, व्यक्तिगत पुरस्कार आदि खिलाडियों को वितरण किया गया।

अवैध उत्खनन एवं क्षमता से अधिक परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही के निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान की अध्यक्षता में खनिज विभाग बेमेतरा के द्वारा जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित किया गया, जिसमें प्रभारी खनि अधिकारी बेमेतरा के द्वारा अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण एवं रायल्टी क्लीयरेंस विषयों पर समस्त निर्माणी विभागों के समक्ष कलेक्टर को उपरोक्त से खनिज विभाग को होने वाली समस्याओं एवं राजस्व क्षति से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, पुलिस विभाग को अवैध उत्खनन/परिवहन का प्रकरण बनाये जाने एवं भार क्षमता से अधिक परिवहन किये जाने वाहनों पर आरटीओ विभाग को कार्यवाही किये जाने आदेशित किया गया। इसके साथ ही समस्त निर्माणी विभागों को ठेकेदारों के देयक से रायल्टी राशि काटकर खनिज विभाग में जमा नहीं किये जाने एवं नियमानुसार कार्य में प्रयुक्त समस्त मात्रा का रायल्टी क्लीयरेंस कराये जाने हेतु आदेशित किया गया एवं खनिजों का बाजार मूल्य निर्धारित किये जाने हेतु चर्चा की गई हैं। साथ ही जिलें में चल रहे अवैध हाथ भट्ठा मिट्टी ईट निर्माण को विद्युत विभाग बेमेतरा से विद्युत कनेक्शन नहीं दिये जाने एवं अन्य राज्यों से आये कुम्हारों के द्वारा संचालित ईट निर्माण पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग को कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। कलेक्टर ने सभी निर्माणी विभागों को नियमित रूप से सभी ठेकेदारों के निर्माण कार्यो में उपयोग किये गये खनिजों का रायल्टी क्लीयरेंस अनिवार्य रूप से खनिज विभाग बेमेतरा से ही प्राप्त किये जाने का आदेश दिये। रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र प्राप्त करने उपरांत ही ठेकेदारों के देयकों का भुगतान किया जाये जिससे खनिज से प्राप्त होने वाले रायल्टी प्लस डीएमएफ एवं अन्य करों का नुकसान शासन को न हो।

कांग्रेस का जन जागरण पदयात्रा अभियान

आरंग/नवप्रदेश। बढ़ती महंगाई व केंद्र सरकार की नाकामियों के खिलाफकांग्रेस का 14 नवम्बर से 29 नवम्बर तक चलने वाले जन जागरण पदयात्रा अभियान के सातवें दिन आज शहर कांग्रेस आरंग व आरंग जोन अध्यक्ष के सयुक्त तत्वाधान में आज वार्ड क्रमांक 04 एवं वार्ड क्रमांक 05 में जन जागरण अभियान चलाकर लोगो को कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा जागरूक करने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से देश मे बढ़ती महंगाई , बेरोजगारी, महिला सुरक्षा में नाकामी, नोटबन्दी से देश की अर्थव्यवस्था की बर्बादी, जीएसटी के कारण बर्बाद हुवे उद्योग धंधे, पूंजीवाद को बढ़ावा देने के लिए सरकारी परिसंपत्तियों का निजीकरण करने, देश की सीमा का सुरक्षा करने में नकामी का तथा किसानों की आय दुगुनी करने का झांसा देखकर वोट बटोरने का मोदी सरकार के वादाखिलाफी के प्रति जनता को जागरूक करने का अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष भारती देवांगन, जोन अध्यक्ष दीपक चंद्राकर, नगरपालिका अध्यक्ष चन्द्रशेखर चंद्राकर, उपाध्यक्ष नरसिंग साहू भीम जलक्षत्री, विनोद साहू,पार्षद शरद गुप्ता, खिलावन निषाद, गौरी बाई देवांगन, मंगलपूर्ति अग्रवाल, आलोक चंद्राकर, राजेश निर्मलकर, राजेश्वरी साहू, सदाराम जलक्षत्री, राममोहन लोधी, चम्मन जलक्षत्री, भोलाराम जलक्षत्री, प्रदुम्न शर्मा, मंजू चंद्राकर, जितेंद्र शर्मा शांति बाई लोधी, ईश्वर पटेल, अमित जलक्षत्री, तुलसी भाई पटेल, सूरज सोनकर, महेंद्र यादव, खुशबू जलक्षत्री, रवीआनंद जलक्षत्री, प्रीतम जलक्षत्री, आचु देवांगन आदि उपस्थित थे।

यूनिसेफ का राइट एवं राइट्स कार्यक्रम हुआ संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। यूनेसफ छत्तीसगढ़, मीडिया कलेक्टिव फार चाइल्ड राइट्स एवं किरण इंवेटं फ्युजन द्वारा विश्व बाल दिवस पर राइट एवं राइट्स कार्यकम का आयोजन पंचम दीवान शास.कन्या उच्च माध्यमिक शाला भाटापारा मे हुआ जिसमें मुख्यअतिथी के रुप मे शहर थाना प्रभारी महेश धुव यूनिसेफछत्तीसगढ़ कलेक्टिव बार चाइल्ड के समन्वय जिला अधिकारी अरुण बंटी छाबड़ा शाला के प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव एवं शाला विकास के अध्यक्ष वैभव केसरवाणी शिक्षका वीणा साहु समाज सेविका एवं बालिकाएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा काफी आकर्षक रंगोली,चित्र कला एवम सुआ नृत्य का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम में नगर निरीक्षक महेश धुव के द्वारा बच्चों को सेल्फडिफेंस, एवम अन्य सुरक्षा कानून के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के अंत मे बच्चों को पुरुस्कार वितरण एवम सभी अतिथियों को मोमेंटो भेंट करके सम्मानित किया गया है।संस्था की ओर निर्मलकर जी,पुजा देशमुख, दीपिका पांजा, प्राजंल छाबड़ा पुरवाशं छाबड़ा,सरिता दीपाली,प्रियंका द्वय,ज्योति, पूजा,आदि शिक्षक उपस्थित थे।

एनएमडीसी लिमिटेड

ई-निविदा सूचना

दिनांक: 23/11/2021

CPP Portal www.nmdc.co.in

	MSTC Ref. No. NMDC/ Bacheli/ 21-22/ET/	NMDC Tender. No.	Short Description of Work	Last Date of Sub'n
1	241/316	C-177	Construction of Surplus Godown at CSD Bacheli (Shed-2)	23/12/2021
2	242/317	C-184	Development of area and Construction of Car Parking Sheds in Bacheli Township for the year 2021-22	23/12/2021
3	243/318	C-187	Repair & Rehabilitation of Tunnel for Conveyor 29 at Downhill, Bacheli Complex	24/12/2021
4	244/319	C-188	Construction of retaining wall near Dhobi shed at Apollo Hospital, Bacheli	24/12/2021
5	245/320	C-190	Miscellaneous civil maintenance, water proofing works and finishing works at KV School at Bacheli Township	25/12/2021
6	246/321	C-192	Construction of cement concrete road along new fine ore stockpile route no.3 at Loading Plant, BIOM Bacheli Complex	25/12/2021

Chola

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फ़ायनांस कम्पनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय: पहली मंजिल, डेयर हाउस, नं.2, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600001.

शाखा कार्यालय: दुकान नं.416, 4थी मंजिल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, मारुति बिजनेस पार्क के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर C.G.-492001.

चौहान एस्टेट प्लाज़ा, कमरा नं.05, 2री मंजिल, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़.

द सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फ़ायनेंशियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस

कर्जदार/रों और सह कर्जदार का नाम और पता	ऋण राशि	डिमांड नोटिस और बकाया राशि की तिथि	संपत्ति/सिक्योर एसेट का विवरण
ऋण खाता सं.HE01RDN00000002721	रु. 21,00,000/-	06.10.2021 और रु.21,86,597/- 30.09.2021 को आगे के ब्याज के साथ	[illegible]
ऋण खाता सं.X0HERRH00003010411	रु. 31,00,000/-	01.11.2021 और रु.58,87,109.72 28.10.2021 को आगे के ब्याज के साथ	[illegible]
ऋण खाता सं.X0HERRH00002593188	रु. 83,00,000/-	06.10.2021 और रु.80,49,894.90 30.09.2021 को आगे के ब्याज के साथ	[illegible]

दिनांक: 21.11.2021
स्थान: छत्तीसगढ़

अधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फ़ायनांस कम्पनी लिमिटेड

आपके योगदान का देश ने किया सम्मान

छत्तीसगढ़

भारत का स्वच्छतम राज्य



"स्वच्छता के लिए छत्तीसगढ़ को लगातार तीसरे वर्ष पुरस्कार मिलना राज्य के नागरिकों का सम्मान है. मैं जानता हूं यह उपलब्धि एक दिन में हासिल नहीं हो सकती, इसके लिए सतत प्रयास किए गए हैं. हमने स्वच्छता को आजीविका से जोड़कर इस अभियान को एक ठोस आधार प्रदान किया है, तभी तो इस वर्ष हमें सर्वाधिक पुरस्कार मिले हैं. इस उपलब्धि के लिए राज्य के जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और स्वच्छता दीदी समेत सभी कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई."

- भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

CLEANEST STATE OF INDIA

बात है अभिमान के छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के

छत्तीसगढ़ शासन

संवाद : 30559